● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 322, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



कम अंतर से हार-जीत की सीटों पर आप की खास नजर 5

मार्टिन गप्टिल ने क्रिकेट से लिया सन्यास 6



## भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है : पीएम

### 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में पीएम मोदी ने दिया मंत्र



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। यहां पीएम मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा पीएम मोदी ने कहा कि यह जीवंत त्योहारों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो रहा है। मकर संक्रांति, बिहू, पोंगल, लोहड़ी जैसे त्योहार आने वाले हैं। हर जगह आनंदमय वातावरण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे...ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी इस विरासत का ये वही बल है जिसकी प्रेरणा से आज भारत दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे बहुत खुशी होती है, जब पूरी दुनिया में आप सभी साथियों से मिलता हूं, आपसे बातचीत करता हूं। जो प्यार मुझे मिलता है, वो भूल नहीं सकता हूं। आपका प्यार, आपका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहता है। हम सिर्फ लोकतंत्र की जननी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। हमें विविधता सिखानी नहीं, हमारा जीवन ही विविधता प्रदान करता है। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के समाज के साथ जुड़ जाते हैं। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के नियम और परंपरा का सम्मान करते हैं। हम पूरी ईमानदारी से उस देश की, उस समाज की सेवा करते हैं। इस सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है।

उन्होंने कहा कि भारत की सफलता आज दुनिया देख रही है। आज जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचता है, तो हम सब को गर्व होता है। आज जब दुनिया, डिजिटल इंडिया की ताकत देखकर हैरान होती है, तो हम सब को गर्व होता है। आज भारत का हर सेक्टर आसमान की ऊंचाई छूने को आगे बढ़ रहा है। भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है। आज का भारत, अपना पॉइंट तो मजबूती से कायम है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है।

प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीयों के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ट्रेन ने सफर शुरू किया। यह ट्रेन प्रवासी भारतीयों को तीन सप्ताह तक देशभर के कई पर्यटक और धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगी।

इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि हर 2 साल में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के माध्यम से विदेशों में रहने वाले भारतीय अपने देश में हो रही प्रगति और विकास को देख पाते हैं, अनुभव कर पाते हैं।

## मप्र में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं : डॉ. यादव




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह उद्योग का नया क्षेत्र है और इसका बड़ा बाजार है। इस उद्योग में रोजगार की भी बेहतर और बड़े अवसर हैं। प्लास्टिक उद्योग के विकास के लिए इसके दुष्प्रभाव को दूर कर सावधानी रखते हुए आगे बढ़ेंगे। प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट की तकनीक को विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर में प्रारंभ हुए प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 12 जनवरी तक उद्योग मेले के रूप में चलेगा। इसमें प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से हो रहा है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री मधु वर्मा, महापौर परिषद के सदस्य श्री अभिषेक शर्मा तथा इंडियन प्लास्टपेक फोरम के चेयरमेन श्री सचिन बंसल आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्लास्टिक उद्योग के विकास की प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। इस उद्योग के विकास में पूरी मदद दी जाएगी। बदलते दौर में प्लास्टिक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। यह जीवन उपयोगी भी है। प्लास्टिक ने अपनी उपयोगिता कोविड काल में साबित की है। यह जीवन रक्षक के रूप में सामने आया है। कोविड के दौरान पीपीई कीट हो या मॉस्क आदि में प्लास्टिक का उपयोग हुआ है। जीवन में इसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता है। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव भी हैं।

## दिल्ली के जाटों को ओबीसी सूची में करें शामिल

### जाट समाज को लेकर केजरीवाल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के जाट समुदाय को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा। केजरीवाल ने लिखा कि केंद्र सरकार पिछले 10 सालों से लगातार जाट समाज के साथ धोखा कर रही है। केंद्र सरकार की वादाखिलाफी की वजह से दिल्ली के ओबीसी समाज के हजारों युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली सरकार की ओबीसी लिस्ट में जाट समाज का नाम आता है लेकिन केंद्र सरकार की लिस्ट में दिल्ली का जाट समाज नहीं आता है। ये हमारे दिल्ली के जाट भाई-बहनों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। पिछले 10 सालों में 4 बार इन्होंने दिल्ली के जाट समाज को आरक्षण देने का केवल वादा किया है। दिल्ली में दिल्ली के जाटों को आरक्षण नहीं मिलता मगर बाहर वालों को मिलता है। केजरीवाल ने पत्र में लिखा, एक महत्वपूर्ण विषय पर 10 साल पहले आपका किया वादा आपको याद दिलाने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। दिल्ली के जाट समाज के कई प्रतिनिधियों से पिछले कुछ दिनों में मुलाकात हुई। इन सभी ने केंद्र की ओबीसी लिस्ट में दिल्ली के जाट समाज की अनदेखी किये जाने पर चिंता जाहिर की। जाट समाज के प्रतिनिधियों ने मुझे बताया कि आपने 26 मार्च 2015 को दिल्ली के जाट समाज के प्रतिनिधियों को अपने घर बुलाकर ये वादा किया था कि जाट समाज, जो दिल्ली की ओबीसी लिस्ट में है, उसे केंद्र की ओबीसी लिस्ट में भी जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें दिल्ली में मौजूद केंद्र सरकार के कॉलेजों और नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिल सके। केजरीवाल ने आगे लिखा, फिर 8 फरवरी 2017 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी चुनाव से पहले चौधरी बीरेंद्र सिंह के घर पर दिल्ली और देश के जाट नेताओं की मीटिंग बुलाई और उनसे वादा किया कि स्टेट लिस्ट में जो ओबीसी जातियां हैं उनको केंद्र की लिस्ट में जोड़ा जाएगा।

## प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर पीतांबरी पोशाक पहनेंगे रामलला

**अयोध्या।** प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव पर 11 जनवरी को राम मंदिर में विराजमान बालकराम पीतांबरी पहनकर दर्शन देंगे। रामलला की उत्सव मूर्ति व बालक राम के लिए दिल्ली में विशेष वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं। इन वस्त्रों की बुनाई व कढ़ाई सोने-चांदी के तार से की जा रही है। साथ ही जगह-जगह चांदी की छाप भी बनाई जा रही है। यह वस्त्र 10 जनवरी तक अयोध्या पहुंच जाएंगे।रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर तीन दिवसीय समारोह 11, 12 व 13 जनवरी को आयोजित होगा।

## कैलिफोर्निया की आग में हॉलीवुड जलने का खतरा

### पेरिस हिल्टन समेत कई स्टार्स के बंगले खाक

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका में कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस के जंगलों में लगी आग हॉलीवुड तक पहुंच गई है। मंगलवार को लगी आग से 3 दिन में अब तक 28 हजार एकड़ इलाका प्रभावित हुआ है। आग से करीब 1900 इमारतें पूरी तरह जल गई हैं और 28 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। ये लॉस एंजिलिस में लगी अब तक की सबसे बड़ी आग है।

आग से लॉस एंजिलिस शहर के पॉश इलाके पैलिसेडेस में कई हॉलीवुड स्टार्स के बंगले भी जल गए हैं। पेरिस हिल्टन, स्टीवन स्पिलबर्ग, मैंडी मूर, एश्टन कुचर समेत कई हॉलीवुड स्टार्स के घर जलकर खाक हो गए हैं। पेरिस हिल्टन का घर 72 करोड़ रुपए में बना था। कई सेलिब्रिटीज को घर छोड़कर भी जाना पड़ा है।

बीबीसी के मुताबिक कैलिफोर्निया की आग जिस तरह फैल रही है, उसमें बीच हॉलीवुड हिल्स पर अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री की पहचान हॉलीवुड बोर्ड के जलने का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड नाम की एक जगह है, इसी पर अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री का नाम हॉलीवुड पड़ा है। जंगल में फैल रही आग से अब 5 लोगों की मौत हो चुकी है। करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। वहीं करीब 3 लाख लोगों को सुरक्षित जगह जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने शहर में इमरजेंसी घोषित कर शनिवार तक इसके फैलने की चेतावनी दी है। कई जगहों पर तेज हवा से आग का टोरनेडो बन गया है। उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का घर खाली कराया गया आग की वजह से लॉस एंजिलिस के ब्रेटनवुड इलाके में बने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के घर को भी खाली करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने वृंदावन में बांके बिहारी लाल के किए दर्शन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वृंदावन के कण-कण में कृष्ण और रज-रज में राधे रानी का वास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को अपने मथुरा प्रवास के दौरान कन्हैया की लीला स्थली वृंदावन में स्वस्तिवाचन के साथ सांवरे सलोने ठाकुर जी और ठकुरानी श्री राधिका रानी के युगल विग्रह रूप श्री बांके बिहारी लाल के दर्शन भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बांके बिहारी लाल के दर्शन कर जीवन कृतार्थ हो गया। उन्होंने श्री बांके बिहारी से अपने भक्तों के कष्टों को दूर करने और सभी का कल्याण करने की प्रार्थना की।

## सीएम योगी ने महाकुंभ की तैयारी का लिया जायजा



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले से तीन दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिनी दौरे पर बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे। सीएम ने कई निर्माण कार्यों के लोकार्पण के साथ महाकुंभ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी से होगी। खास यह है कि अगले दिन ही मकर संक्रांति के दिन पहला शाही स्नान होगा। ऐसे में आयोजन से पहले मुख्यमंत्री खुद तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे हैं। रात्रि विश्राम भी करेंगे और मेला क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। सीएम का हेलीकॉप्टर करीब 1:30 बजे नैनी के डीपीएस मैदान में उतरा। उन्होंने अरैल घाट पर स्नान घाट की तैयारियों का जायजा लिया और यहां पर कराए गए कार्यों को देखा। इसके बाद वह संगम पहुंचे और यहां पर मां गंगा का पूजन किया।

## निर्माणाधीन कुसमी प्लांट की चिमनी गिरी, 25 से ज्यादा लोग मलबे में दबे

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के निर्माणाधीन कुसुम प्लांट में बड़ा हादसा हुआ है। यहां चिमनी गिरने से 25 से अधिक लोगों के मलबे में दबे होने की बात सामने आ रही है। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि ये अभी तक पुष्ट नहीं हो पाया है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिये रेसक्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे में दो मजदूर गंभीर रुप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिये बिलासपुर भेजा गया है। बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह घटना सरगांव



थाना इलाके के रामबोड क्षेत्र की है। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। आस-पास के जिलों से भी प्रशासन की टीम पहुंच रही है। राहत और बचाव कार्य जारी है। बताया जाता है कि प्लांट में लोहे की पाइप बनाई जा रही थी तभी ये हादसा हो गया। फिलहाल बचाव कार्य जारी है। इस हादसे में कई मजदूरों के मौत की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर स्थानीय ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे हुए हैं। सभी बचाव कार्य में लगे हैं। मलबे को हटाने का काम जारी है। आस-पास के जिलों बिलासपुर, पेंड्रा, रायगढ़ और जांजगीर चांपा से आपदा एवं प्रबंधन टीम को बुलाई गई है। जिले के सभी अस्पतालों को अलर्ट रहने के लिये कहा गया है। बताया जाता है कि जब हादसा हुआ, उस समय मजदूर लंच कर रहे थे। प्लांट में पाइप बनाने की फैक्ट्री तैयार की जा रही थी।

## माता-पिता से अपनी पढ़ाई का खर्च वसूल सकती है बेटी : सुको



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक दंपति के विवाद को लेकर सुनवाई करते हुए अहम फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेटी को अपने माता-पिता से पढ़ाई का खर्च वसूलने का पूरा अधिकार है। माता-पिता को उनके आय के साधनों के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है।

26 साल से अलग रह रहे दंपति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। दंपति की बेटी आयरलैंड में पढ़ रही थी। बेटी ने पिछले दिनों अपनी मां को दिए जा रहे कुल गुजारा भत्ते के हिस्से के रूप में अपने पिता द्वारा उसकी पढ़ाई के लिए दिए गए 43 लाख रुपये लेने से इनकार कर दिया था। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि बेटी को अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च वसूलने का एक अविभाज्य, कानूनी रूप से लागू करने योग्य और वैध अधिकार है।

## गेहूं और चावल की पैदावार में आ सकती है गिरावट

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन देश की कृषि पर बड़ा असर डाल सकता है। जलवायु परिवर्तन को लेकर मौसम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में चावल और गेहूं की पैदावार में 6 से 10 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। वहीं जलवायु परिवर्तन के चलते समुद्र का पानी गर्म हो रहा है। इसके चलते मछलियां गहरे समुद्र में ठंडे पानी में जा रही हैं। इसका असर मछुआरा समुदाय पर भी पड़ रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन से गेहूं और चावल दोनों की पैदावार में 6 से 10 प्रतिशत तक की कमी आएगी।

## मप्र में कड़ाके की ठंड, पचमढ़ी में जीरो डिग्री पर पहुंचा पारा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लगातार ठंड रिकॉर्ड तोड़ रही है। नवंबर-दिसंबर में जहां कई रिकॉर्ड टूटे वहीं अब जनवरी में भी रिकॉर्ड टूटना शुरू हो गया है। जनवरी में कड़ाके की ठंड का दूसरा दौर जारी है। इस साल जनवरी में पहली बार इतनी सर्दी पड़ रही है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा रिकॉर्ड 0.2 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं, भोपाल में 10 साल का रिकॉर्ड टूटा है। ऐसा ही मौसम गुरुवार को भी बना रहेगा। प्रदेश के 9 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट है। वहीं, सुबह करीब 20 जिलों में कोहरा छाया है। बर्फीली हवा चलने से प्रदेश के शहरों में दिन-रात कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछली 2 रातों से पारा काफी नीचे लुढ़का है।

मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फ पिघल रही है। इससे हवा की रफ्तार भी तेज हो गई है। बुधवार को जेट स्ट्रीम हवाओं की रफ्तार 268 किमी प्रतिघंटा रही। मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी में प्रदेश का मौसम ठंडा ही रहेगा। 20 से 22 दिन तक शीतलहर चलने का अनुमान है। जनवरी के पहले सप्ताह में भी कड़ाके की ठंड पड़ी थी। अब दूसरा दौर शुरू हुआ है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में रात के साथ दिन के तापमान में भी काफी गिरावट देखी जा रही है। बुधवार को दिन में रीवा सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 19.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## महाकुंभ से पहले अलर्ट मोड में रेलवे

### ट्रेन-स्टेशन से लेकर ट्रैक की सुरक्षा के लिए प्लान तैयार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 और गणतंत्र दिवस के अलावा प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर देशभर की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है। इसी को लेकर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और 11 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस अफसरों की मीटिंग में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान तय किया गया कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ के लिए आने वाली सभी ट्रेनों की सघन तलाशी ली जाएगी। ताकि देश विरोधी ताकतें किसी तरह की गड़बड़ी में कामयाब नहीं हो सकें। इसे देखते हुए राजधानी दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज समेत यूपी के अधिकांश रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। दरअसल,



आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी कर महाकुंभ को टारगेट करने की धमकी दे रखी है। खुफिया इनपुट भी हैं कि आतंकी दहशत फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। राजधानी दिल्ली से 32 स्पेशल और 21 अनारक्षित ट्रेनें महाकुंभ के दौरान चलेंगी। ऐसे में बैठक में अफसरों का कहना था कि, आतंकी ट्रेनों को टारगेट कर सकते हैं। इसलिए हर ट्रेन को अच्छी तरह से चेक किया जाए। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के खास इंतजाम हो, ताकि आतंकी मंसूबे कामयाब नहीं हो सकें। सभी राज्यों ने महाकुंभ को लेकर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने का भरोसा दिया।

रेलवे अधिकारियों ने अमर उजाला से चर्चा में कहा कि, महाकुंभ के मद्देनजर भारतीय रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा है। न केवल प्रयागराज, बल्कि आसपास के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा एजेंसियां मुस्तैद हैं। रेलवे स्टेशनों, सर्कुलेटिंग एरिया और ट्रेनों में लगातार चेकिंग की जा रही है। जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस के जवान रेलवे ट्रैक पर भी पेट्रोलिंग कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ के जवानों के साथ ही अतिरिक्त फोर्स भी बढ़ा दी गई है। इसमें यूपी होमगार्ड के जवानों के साथ ही पीएससी बटालियन भी शामिल हैं। जीआरपी और आरपीएफ के जवान लगातार रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, ट्रेनों और सर्कुलेटिंग एरिया में गश्त कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि,रेलवे स्टेशन और ट्रेनों की चैकिंग के अलावा रेलवे ट्रैक पर भी आरपीएफ और जीआरपी के जवान गश्त कर रहे हैं। इतना ही नहीं आरपीएफ और जीआरपी के जवान ट्रेन में सफर कर रहे लोगों से लगातार यात्रा के दौरान सतर्क रहने की अपील भी कर रहे हैं।

# तत्परता से करें जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन : विश्वामित्र



**सिंगरौली।** सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से छुटे हर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से प्रदेश के संवेदनशील यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी के मंशानुरूप मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के हर पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराना। यह तभी संभव होगा जब योजनाओं का पारदर्शिता एवं तत्परता से प्रभावी क्रियान्वयन हो। उक्त आशय के विचार माननीय विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत अतरवा एवं सरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत अतरवा एवं सरौंधा में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित विभागवार अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने उपस्थित जनसमुदाय को नव वर्ष की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए अभियान में सम्मिलित 45 जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा।शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं जिससे योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को जानकारी मिल सके एवं आवेदन कर पात्रतानुसार लाभ ले सकें। क्षेत्रीय विधायक ने शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र वितरित किए गए एवं ग्राम पंचायत अतरवा में पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजीव तिवारी सीईओ देवसर,शेषमणि पनिका तहसीलदार देवसर, श्रीमती गुजरतिया सिंह सरपंच, श्रीमती शुकबरिया सिंह सरपंच, जोखन सिंह, रवि प्रजापति, राजेंद्र द्विवेदी, इंद्रजीत सिंह, शिवार्चन शुक्ला प्राचार्य, बलराम साहू, भगवानदास गुप्ता, उपेन्द्र शुक्ला, संतोष कोल देवसर, विभागों के अधिकारी कर्मचारी गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## निश्चय शिविर में संभावित टीवी के मरीजों की हुई जांच

**सिंगरौली।** जिले में 7 दिसंबर से 26 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निश्चय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्ती, नौगढ़, अतरवा, जयंत में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान टीवी के 420 संभावित रोगियों का बलगम कलेक्शन कर जांच हेतु भेजा गया वहीं 70 लोगों का एक्सरे भी किया गया। इस अभियान के अंतर्गत क्षय रोग के संपर्क में आए हुए व्यक्ति खदान क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्ति ,शुगर के मरीज ,धूम्रपान करने वाले आदि जैसे लोगों की जांच की जा रही है।

# नाबालिका से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

### वर्ष 2023 में मोरवा क्षेत्र के जगमोरवा में घटित हुआ था अपराध

**सिंगरौली।** मोरवा थाना क्षेत्र के जगमोरवा में पड़ोस के रहने वाली बच्ची से अनैतिक कार्य करने वाले रंगलाल पनिका को विशेष न्यायालय पोस्को बैढ़न द्वारा आजीवन कारावास के साथ 7 हज़ार का अर्थ दंड की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री के द्वारा चिन्हित अपराधों के विचारण में साक्षियों को नियत समय पर न्यायालय प्रस्तुत करने व ऐसे मामलों की विवेचना उपरांत विचारण भी त्वरित ढंग हो सके इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किये गये थे। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय में विचारण में चल रहे इस महिला संबंधी एवं पाक्सो एक्ट के प्रकरण में कोर्ट द्वारा थाना मोरवा के वर्ष 2023 के अपराध क्रमांक 436/23 धारा 376, 376ड, 376(2) (ह), 377 भारतीय दंड संहिता एवं 5/6 पाक्सों एकट के प्रकरण के आरोपी रंगलाल उर्फ सिब्बू पनिका पिता रामलखन पनिका, उम्र 23 साल निवासी जगमोरवा को अर्थदंड के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वर्ष 2023 में 30 जून को फरियादिया की माता पिता ने थाना आकर रिपोर्ट की थी कि वह सुबह के समय घर से सब्जी लेने बाजार गई थी। घर में उसके तीन बच्चे और पड़ोस का सिब्बू पनिका था।

# एनटीपीसी विंध्याचल मे विंध्य चिकित्सालय मे नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एनटीपीसी विंध्याचल के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विंध्य चिकित्सालय मे प्रगति संस्था विंध्यनगर व स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वाधान में 9 जनवरी से 11 जनवरी तक तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के दौरान साइट एवं लाइफ समिति नेत्र चिकित्सालय, मिर्जापुर से पधारे वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ.आरसी दुआ, डॉ.नितिन दुआ तथा विंध्य-चिकित्सालय की नेत्र विशेषज्ञ डॉ.वर्तिका कुलश्रेष्ठ द्वारा मरीजों के मोतियाबिंद का आपरेशन किया जाएगा। इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विंध्य-चिकित्सालय की ओर से प्रत्येक वर्ष किया जाता है । निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद (सीधी-सिंगरौली) डॉ.राजेश मिश्रा, विधायक (सिंगरौली) रामनिवास शाह, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, विशिष्ट अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ.बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (आरएलआई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधकगण (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस एवं एडीएम) एजे राजकुमार,महाप्रबंधक (हरित रसायन एवं बीई) सुजय कर्माकर, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, उपाध्यक्षा(सुहासिनी संघ) श्रीमती सारिका चतुर्वेदी के साथ-साथ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के ब्लड बैंक मेडिकल डायरेक्टर डॉ आरडी द्विवेदी, प्रधानाध्यापक(सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल,विंध्यनगर), अपर महाप्रबंधकगण, सुहासिनी संघ की वरिष्ठ पदाधिकारीगण, एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के विभागाध्यक्ष, यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं चिकित्सालय, विंध्यनगर के डाक्टर्स व कर्मचारी तथा प्रगति संस्था के सदस्यगण भी उपस्थित रहे इस पावनमयी नेत्र चिकित्सा शिविर के प्रथम दिन अधिक से अधिक संख्या में लोगों नें भाग लिया।

## अज्ञात आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु पुलिस उप महानिरीक्षक ने 20 हजार का ईनाम किया घोषित

**सिंगरौली।** पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा जोन साकेत प्रकाश पाण्डेय ने अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर 20 हजार का ईनाम घोषित किया है। उक्त अज्ञात आरोपियों पर पुलिस थाना चितरंगी जिला सिंगरौली में अपराध क्रमांक 460/24 बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध है। फरार अज्ञात आरोपियों की दस्त्याबी, गिरफ्तारी नही होने पर पुलिस अधीक्षक सिंगरौली द्वारा पूर्व में 28 नवम्बर 2024 को रूपयें 10 हजार का ईनाम उद्घोषित किया गया था। इसके पश्चात भी फरार अज्ञात आपरोपियों दस्त्याबी गिरफ्तारी हेतु लगातार अथक प्रयास किये गये परंतु अभी तक इनकी गिरफ्तारी नही हो सकी है।

## कन्या महाविद्यालय बैढ़न में महिला सुरक्षा को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग योजना के तहत चलाए जा रहे विशेष जागरूकता कार्यक्रम सृजन के अंतर्गत आज गुरुवार को कन्या महाविद्यालय बैढ़न में महिला सुरक्षा शाखा द्वारा वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे महाविद्यालय मे उपस्थित छात्राओं से महिला सम्बन्धी अपराध, बाल विवाह, अशिक्षा लिंग भेद ,घरेलू हिंसा , गुड टच बैड टच पोक्सो एक्ट एवम् उनके स्वास्थ्य एवं करियर संबंधी विषयों पर संवाद किया जाकर छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया गया एवं छात्राओं द्वारा इस जागरूकता कार्यक्रम मे सहयोग करने के मंशा जताने पर उन्हे वालिंटेयर के रूप मे चिन्हित कर पुलिस दीदी व्हाट्सएप ग्रुप मे जोड़ा गया साथ ही विशाल सेल्फ डिफेंस ग्रुप के संचालक गणेश सिंह विशाल ,खुशबू साकेत द्वारा अपने साथियों के साथ महाविद्यालय की छात्राओं को आपातकालीन स्थिति मे स्वयं की रक्षा हेतु सेल्फ डिफेंस की ट्रैंनिंग दी गयी ।

## रामलीला मैदान में 11-12 जनवरी को दंगल सीजन 6 का होगा आयोजन

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के रामलीला मैदान में एक बार फिर कुश्ती का महामुकाबला दंगल होने जा रहा है।?दंगल सीजन 6 आयोजन समिति ने गुरूवार को होटल सत्या इंटरनेशनल में पत्रकार वार्ता का आयोजन कर प्रतियोगिता की रूपरेखा से पत्रकारों को अवगत कराया। इस दौरान सिंगरौली विधायक रामनिवाश शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, संतोष सोनी (पुर्णमाशी), राज कुमार दुबे, अर्जुन गुप्ता, रूपेश चौबे, अजय शाह, लक्ष्मी शाह, संतोष शाह सुखेंद्र पाठक के के शाह अक्षय शाह सहित आयोजन समिति के तमाम कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन के संबंध में दंगल सीजन 6 के संयोजक ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने बताया कि जिले में 11 एवं 12 को दंगल का आयोजन होगा जिसमें देशभर के जाने माने पहलवान शिरकत करेंगे। उन्होने बताया कि विभिन्न प्रदेशों से पहलवानों की कई टीमें शिरकत करेंगी जिसमें महिला तथा पुरूष पहलवान अपना जौहर दिखायेंगे। उन्होने कहा कि दंगल 6 का जिले भर में प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिससे जिले के पहलवान भी इसमें भाग ले सकें। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुये विधायक सिंगरौली ने कहा कि दंगल पुरातन के समय का एक खेल है जिसमें पहलवान अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। दंगल का आयोजन पिछले कई वर्षों से हो रहा है।

# नींद में दम घुटने से दो की मौत, बंद कमरे में सिंगढ़ी में आग जलाने से जहरीली गैस से हुई घटना

### पहली मंजिल में बने सर्वेंट क्वार्टर कमरें में रहते थे बैगा बच्चे, बरगवां थाना क्षेत्र का मामला



**सिंगरौली।** जिले के बरगवां थाना क्षेत्र में संचालित एक ढाबे के कमरे में सो रहें में दो नाबालिक कर्मचारियों का दम घुटने से मौत हो गई। आज गुरुवार की सुबह ढाबे की पहली मंजिल पर बने एक कमरे में दोनों का शव मिला हैं। दोनों नाबालिक बैगा परिवार से आते हैं। और वह इस ढाबे में काम करते थे। बरगवां थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटनाक्रम से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है।

गौरतलब है कि दो बैगा बच्चों की मौत की खबर लगते ही एसपी मनीष खत्री, एसडीओपी केके पांडे सहित थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा पहुंच मौका मुआयना किया। थाना प्रभारी ने बताया कि बरगवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे में गोंदवाली गांव के पास बने केजीएफ फैमिली रेस्टोरेंट के दो कर्मचारी मिथुन बैगा उम्र 16 साल और बबुंदर बैगा उम्र 15 साल रेस्टोरेंट पर काम करते थे। दोनों रात में खाना खाकर होटल के पहले मंजिल पर बने सर्वेंट क्वार्टर में कोयले की सिगड़ी जलाकर सो गए। आज सुबह 8 बजे जब होटल खोलने के लिए इन्हें बुलाया गया तो यह दोनों नहीं उठे। होटल के मालिक मानसिंह वैस ने जब उनके कमरे पर जाकर देखा तो यह दोनों औंधे मुंह जमीन पर लेटे हुए थे। शंका होने पर होटल के मालिक ने मोबाइल से पुलिस थाने में इसकी सूचना दी। इस सूचना के आधार पर घटनास्थल की जांच करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच के दौरान संभावना है कि दोनों की दम घुटने के चलते मौत हुई है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

होटल के मालिक ने हत्या की आशंका जताई है उनका कहना है कि अभी कुछ दिन पहले ही बरगवां थाना क्षेत्र में कोयल कबाड़ की चोरी करने वाले कुछ लोगों से इन दोनों कर्मचारियों का झगड़ा हुआ था। उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी थी।

## पश्चिम मध्य रेल

**कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी एवं पदेन उप सचिव (म.प्र.) शासन राजस्व विभाग**

क्रमांक/05/भू-अर्जन/2025 — सीधी, दिनांक: 01/01/2025

### अधिसूचना

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विर्निदिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा, या कोई संव्यवहार नही करायेगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विलंगम सृजित नहीं करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बंध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। यह परियोजना आम जनता के व्यापक एवं दूरगामी हितों से सम्बद्ध है तथा यह कार्य ललितपुर - सिंगरौली रेल लाईन निर्माण कार्य का भाग है, जो भारत सरकार द्वारा मूलतः वर्ष 1997-98 में स्वीकृत हुआ है। यह अर्जन की कार्यवाही रेखिक दिशा में हो रही है तथा इससे क्षेत्र में परिवारों का विस्थापन कम संख्या में होगा। अतः उपर्युक्त कारणों से इसमें सामाजिक समाधात के निर्धारण अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

-:अनुसूची:-

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- मितरी, (घ) पटवारी हल्का का नाम- मितरी (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 1.3210 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में | क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 362 | 0.1300 | 32 | 591/5 | |
| 2 | 359/1 | 0.0150 | 33 | 591/6 | |
| 3 | 359/2 | 0.0150 | 34 | 591/7 | |
| 4 | 359/3 | 0.0150 | 35 | 592 | 0.0160 |
| 5 | 359/4 | 0.0150 | 36 | 582/1 | |
| 6 | 360 | 0.0300 | 37 | 582/2 | 0.0350 |
| 7 | 276/1 | | 38 | 582/3 | |
| 8 | 276/2 | 0.0060 | 39 | 580/1 | |
| 9 | 276/3 | | 40 | 580/2 | 0.0320 |
| 10 | 352 | 0.0060 | 41 | 580/3 | |
| 11 | 352/1128 | 0.0080 | 42 | 580/4 | |
| 12 | 356 | 0.0660 | 43 | 593 | 0.0160 |
| 13 | 355 | 0.0320 | 44 | 594 | 0.0160 |
| 14 | 354 | 0.0320 | 45 | 577 | 0.1520 |
| 15 | 351/1/1/1 | | 46 | 620 | 0.0320 |
| 16 | 351/1/2/1 | | 47 | 619 | 0.0320 |
| 17 | 351/1/3/1 | 0.0350 | 48 | 358 | 0.0500 |
| 18 | 351/2/1/3 | | 49 | 576/1 | 0.0600 |
| 19 | 351/2/1/1 | | 50 | 623/1 | 0.0320 |
| 20 | 586 | 0.0220 | 51 | 623/2/1 | |
| 21 | 585/1 | 0.0310 | 52 | 623/2/2 | |
| 22 | 584/1 | 0.0020 | 53 | 623/2/3 | 0.0400 |
| 23 | 588/1/1 | 0.0180 | 54 | 623/2/4 | |
| 24 | 588/1/3 | | 55 | 623/2/5 | |
| 25 | 589/1 | 0.0540 | 56 | 623/2/6 | |
| 26 | 583/1/1 | | 57 | 579/1 | 0.0240 |
| 27 | 583/2/1 | 0.0500 | 58 | 579/2 | 0.1200 |
| 28 | 591/1 | | 59 | 621 | 0.0020 |
| 29 | 591/2 | | 60 | 581 | 0.0400 |
| 30 | 591/3 | | कुल किता- 60 | | 1.3210 |
| 31 | 591/4 | 0.0400 | | | |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा
(5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/07/भू-अर्जन/2025 — सीधी, दिनांक: 01/01/2025

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- कुबरी, (घ) पटवारी हल्का का नाम - कुबरी (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 0.7810 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में | क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 25 | 0.0420 | 11 | 31/2 | |
| 2 | 26 | 0.0750 | 12 | 35/1 | |
| 3 | 24 | 0.0340 | 13 | 35/2/1 | 0.0880 |
| 4 | 32 | 0.0250 | 14 | 35/3 | |
| 5 | 33/1 | | 15 | 30 | 0.0040 |
| 6 | 33/2 | | 16 | 123 | 0.3580 |
| 7 | 33/3 | 0.0600 | 17 | 36/1 | 0.0010 |
| 8 | 33/4 | | 18 | 694 | 0.0700 |
| 9 | 33/5 | | कुल किता- 18 | | 0.7810 |
| 10 | 31/1 | 0.0240 | | | |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा
(5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/09/भू-अर्जन/2025 — सीधी, दिनांक: 01/01/2025

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- बेलहा (घ) पटवारी हल्का का नाम- बेलहा (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 1.2972 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में | क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 1040 | 0.0750 | 27 | 974 | 0.0200 |
| 2 | 1029 | 0.0550 | 28 | 968 | 0.1300 |
| 3 | 1028 | 0.0196 | 29 | 966 | 0.0280 |
| 4 | 1026/1/1 | | 30 | 965 | 0.0280 |
| 5 | 1026/2 | 0.0180 | 31 | 964 | 0.0200 |
| 6 | 1026/8 | | 32 | 963 | 0.0200 |
| 7 | 1004 | 0.0430 | 33 | 960 | 0.0030 |
| 8 | 1003 | 0.0320 | 34 | 961 | 0.0080 |
| 9 | 994/1/1 | 0.0060 | 35 | 985 | 0.0040 |
| 10 | 984 | 0.0180 | 36 | 1381 | 0.0500 |
| 11 | 983 | 0.0400 | 37 | 1382 | 0.0400 |
| 12 | 982 | 0.0600 | 38 | 1368 | 0.0450 |
| 13 | 981/2 | 0.1300 | 39 | 1367 | 0.0330 |
| 14 | 981/1 | | 40 | 1366/2 | 0.0300 |
| 15 | 1030/1 | | 41 | 1366/1 | |
| 16 | 1030/2 | 0.0296 | 42 | 1365 | 0.0200 |
| 17 | 1030/3 | | 43 | 1364 | 0.0800 |
| 18 | 975 | 0.0400 | 44 | 1360 | 0.0800 |
| 19 | 1039 | 0.0030 | 45 | 1305 | 0.0040 |
| 20 | 1031/1 | 0.0180 | 46 | 564 | 0.0060 |
| 21 | 1031/2 | | 47 | 565 | 0.0100 |
| 22 | 1031/3 | | 48 | 566 | 0.0140 |
| 23 | 1031/4 | | 49 | 567/1 | 0.0080 |
| 24 | 993/1/1 | 0.0200 | 50 | 568/2 | 0.0090 |
| 25 | 993/1/2 | | 51 | 568/3 | |
| 26 | 993/1/3 | | 52 | 568/4 | |
| | | | कुल किता- 52 | | 1.2972 |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा
(5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/1278/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक: 20/12/2024

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- खैरा, (घ) पटवारी हल्का का नाम- खैरा (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 0.219 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में | क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 860/2/1 | 0.0400 | 3 | 863 | 0.0700 |
| 2 | 862/1/1<br>862/1/2<br>862/2 | 0.0120 | 4 | 973 | 0.0420 |
| | | | 5 | 981 | 0.0550 |
| | | | कुल किता- 7 | | 0.219 |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा
(5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/1780/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक: 20/12/2024

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- बहरी, (घ) पटवारी हल्का का नाम - बहरी (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 0.0540 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | P-942 | 0.0540 |
| कुल किता- 01 | | 0.0540 |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा (5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/1782/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक: 20/12/2024

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- मऊ, (घ) पटवारी हल्का का नाम- खैरा (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 0.6670 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में | क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 246/1<br>246/2 | 0.0040 | 14 | 283 | 0.0100 |
| 2 | 247 | 0.0200 | 15 | 282/4, 282/3<br>282/2, 282/1 | 0.0600 |
| 3 | 248 | 0.0240 | 16 | 280/1 | 0.0600 |
| 4 | 249/1/1<br>249/1/2<br>249/2 | 0.0320 | 17 | 301/1 | 0.0600 |
| | | | 18 | 277 | 0.0030 |
| | | | 19 | 164/1, 164/2 | 0.0920 |
| 5 | 252 | 0.0060 | 20 | 163/1<br>163/2/2<br>163/2/3<br>163/2/4<br>163/2/5 | 0.0020 |
| 6 | 253 | 0.0010 | | | |
| 7 | 291 | 0.0020 | | | |
| 8 | 290/1, 290/2 | 0.0350 | | | |
| 9 | 289 | 0.0350 | | | |
| 10 | 288 | 0.0400 | 21 | 162/1 | 0.0500 |
| 11 | 286 | 0.0420 | 22 | 120/1/4 | 0.0140 |
| 12 | 285 | 0.0450 | कुल किता- 34 | | 0.6670 |
| 13 | 284 | 0.0300 | | | |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा
(5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/1784/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक: 20/12/2024

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- करौंदी, (घ) पटवारी हल्का का नाम -कुशियारी (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 0.3180 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में | क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 336 | 0.0020 | 14 | 276/1 | |
| 2 | 338 | 0.0060 | 15 | 276/2 | 0.0800 |
| 3 | 340/1 | 0.0400 | 16 | 276/3/1 | |
| 4 | 340/2 | 0.0400 | 17 | 276/3/2 | |
| 5 | 341/1 | 0.0100 | 18 | 276/3/3 | |
| 6 | 341/2 | 0.0100 | 19 | 274/1 | |
| 7 | 341/3 | 0.0100 | 20 | 274/2, 274/3 | 0.0100 |
| 8 | 277/1/1 | | 22 | 274/4 | |
| 9 | 277/1/2 | | 23 | 339/1/1 | |
| 10 | 277/1/3 | 0.0500 | 24 | 339/1/2 | 0.0600 |
| 11 | 277/1/4 | | 25 | 339/2 | |
| 12 | 277/2 | | कुल किता- 25 | | 0.3180 |
| 13 | 277/3 | | | | |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा
(5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/1786/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक: 20/12/2024

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- कुचवाही (घ) पटवारी हल्का का नाम - कुचवाही (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 0.6780 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में | क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 60 | 0.2100 | 20 | 44 | 0.0250 |
| 2 | 59 | 0.0220 | 21 | 56 | 0.0180 |
| 3 | 59/1532 | 0.0240 | 22 | 57 | 0.0160 |
| 4 | 73 | 0.0250 | 23 | 142 | 0.0250 |
| 5 | 74/1/1 | | 24 | 138 | 0.0140 |
| 6 | 74/1/2 | | 25 | 131 | 0.0260 |
| 7 | 74/2 | 0.0450 | 26 | 130 | 0.0320 |
| 8 | 74/3 | | 27 | 120/1 | 0.0140 |
| 9 | 74/4 | | 28 | 119/4 | |
| 10 | 75 | 0.0060 | 29 | 119/5 | 0.018 |
| 11 | 76 | 0.0320 | 30 | 119/6 | |
| 12 | 101 | 0.0020 | 31 | 114 | 0.0120 |
| 13 | 104 | 0.0020 | 32 | 115 | 0.0020 |
| 14 | 105/1 | | 33 | 140 | 0.0160 |
| 15 | 105/2 | 0.0060 | 34 | 52 | 0.0100 |
| 16 | 105/3 | | 35 | 123 | 0.0080 |
| 17 | 248/1 | | 36 | 128 | 0.0160 |
| 18 | 248/2 | 0.050 | कुल किता- 36 | | 0.6780 |
| 19 | 43 | 0.0020 | | | |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा
(5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/1788/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक: 20/12/2024

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- मझरेटी खुर्द, (घ) पटवारी हल्का का नाम - मझरेटी कोठार (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 0.0400 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में | क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 9/1 | | 6 | 9/6 | |
| 2 | 9/2 | | 7 | 9/7 | |
| 3 | 9/3 | 0.0400 | 8 | 9/8 | |
| 4 | 9/4 | | 9 | 9/9 | |
| 5 | 9/5 | | कुल किता= 09 | | 0.0400 |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा
(5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/1790/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक: 20/12/2024

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- कोठार (घ) पटवारी हल्का का नाम -कुबरी (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 0.6210 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में | क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 25/2 | 0.1200 | 9 | 6/2 | 0.0400 |
| 2 | 24/1 | 0.0060 | 10 | 6/1 | |
| 3 | 21/1 | 0.130 | 11 | 4/2 | 0.0700 |
| 4 | 21/2 | | 12 | 4/1 | |
| 5 | 9 | 0.0800 | 13 | 3/1/6/2 | 0.0400 |
| 6 | 8 | 0.0350 | 14 | 3/1/6/1 | |
| 7 | 7 | 0.0900 | 15 | 3/1/5 | |
| 8 | 33/2 | 0.0100 | कुल किता- 15 | | 0.6210 |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा
(5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

क्रमांक/1792/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक: 20/12/2024

(1) भूमि का वर्णन- (क) जिला - सीधी, (ख) तहसील- बहरी, (ग) ग्राम- राजडिहा (घ) पटवारी हल्का का नाम -खैरा (ड) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल-रकबा 0.1300 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 25 | 0.0600 |
| 2 | 26/1 | 0.0700 |
| कुल किता- 2 | | 0.1300 |

(4) धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी : उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा (5) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन : ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु

भूमि का नक्शा (प्लान) उपखण्ड अधिकारी सिहावल के कार्यालय में देखा जा सकता है।

कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# अधेड़ की सोते वक्त हत्या के आरोप पर परिजनों ने किया चक्काजाम

**सीधी।** संदिग्ध स्थिति में अधेड़ व्यक्ति की हत्या मानें या जो भी कारण हो लेकिन मौत के बाद परिजन यह मान रहे हैं कि उसकी हत्या की गई है। इसके बाद परिजनों ने चक्काजाम आंदोलन भी किया है। पुलिस मौके पर पहुंची इसके बाद समझाईश के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ है।

तत्संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चमरौहा निवासी चिंतामणि विश्वकर्मा पिता हिम्मत विश्वकर्मा उम्र 45 वर्ष द्वारा हाल ही में मेन रोड़ के किनारे स्थित 2 ढिस्मिल जमीन को 12 लाख रुपए में बेंचकर मिले रुपए से गांव में दूसरे स्थान पर पक्का मकान का निर्माण कराया जा रहा था। दरम्यानी रात मकान का निर्माण कर रहे मिस्त्री के साथ चिंतामणि विश्वकर्मा सो रहा था। रात करीब 12 बजे कुछ आवाज सुनकर मिस्त्री उठा और चिंतामणि विश्वकर्मा के पास पहुंचा जहां वह मृत हालत में चारपाई में पड़ा था। चारपाई के नीचे काफी खून गिरा था। रात में ही मिस्त्री ने चिंतामणि विश्वकर्मा के पुराने घर में जाकर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा इसकी सूचना अमिलिया थाना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा स्थल मुआयना के पश्चात आज सुबह जब पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराने के लिए शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल ले जाने का प्रयास किया गया तो परिवार के लोगों द्वारा काफी विरोध शुरू कर दिया गया। जिसके बाद परिवार के कुछ लोगों ने अमिलिया थाना पहुंचकर घटना पर अपनी रिपोर्ट भी दर्ज कराई। परिवार के सदस्यों का आरोप था कि चिंतामणि विश्वकर्मा की हत्या की गई है। दो-तीन दिन पूर्व उनको जान से मारने की धमकी दी गई थी और दरम्यानी रात उनकी संदिग्ध मौत होने पर यह हत्या का मामला है जिस पर पुलिस को गंभीरता पूर्वक विवेचना करनी चाहिए और इसमें लिप्त सभी आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। पुलिस द्वारा परिवार के लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया जा रहा था फिर भी वह कुछ सुनने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। परिवार के सदस्यों का आरोप था कि जब तक मृतक की पत्नी एवं बच्चों की लिखित सहमति न मिले शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं ले जाया जा सकता।

## अमिलिया बाजार में परिजनों ने किया चक्काजाम

मृतक चिंतामणि विश्वकर्मा की हत्या का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों द्वारा अमिलिया चौराहा में आज दोपहर करीब 2 बजे से चक्काजाम शुरू कर दिया गया। चक्काजाम की खबर मिलने पर अमिलिया थाना पुलिस का अमला भी मौके पर पहुंचा और सडक़ में बैठी महिलाओं तथा परिवार के लोगों को समझाने का प्रयास किया। परिवार के लोगों का कहना था कि पुलिस द्वारा पूरी रिपोर्ट नहीं लिखी गई है तथा शव का पोस्टमार्टम सिहावल अस्पताल की बजाय डॉक्टरों की टीम से जिला अस्पताल सीधी की मर्चुरी में कराया जाए। करीब 15 मिनट तक इस तरह की स्थिति बनी रही।

## मृतक का कराया गया है पीएम, जांच के बाद होगी कार्यवाही : टीआई

इस संबंध में नगर निरीक्षक अमिलिया राजेश पाण्डेय ने कहा कि मृतक चिंतामणि विश्वकर्मा के शव का जिला अस्पताल के मर्चुरी में डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया है। साथ ही पोस्टमार्टम कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। उसी के आधार पर पुलिस की विवेचना शुरू होगी। अभी यह सामने आया है कि मृतक ने खून की उल्टी है है लेकिन शरीर में किसी तरह के चोंट का निशान नहीं मिला है।

# किसान 10 जनवरी तक करा सकेंगे अपनी फसलों का बीमा

**सीधी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2024-25 योजना के क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी का चयन किया है। म.प्र. शासन द्वारा लिए गए निर्णयानुसार फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 है। फसल बीमा कराने के मात्र 1 दिवस शेष है। उप संचालक कृषि द्वारा किसानों से अनुरोध किया है कि शासन द्वारा बढ़ाए गए समय का लाभ लेते हुए जिस बैंक में आपका किसान क्रेडिट कार्ड बना है वहां जाकर फसल बुवाई प्रमाण-पत्र एवं पटवारी हल्के की जानकारी संबंधित बैंक में जाकर बताएं। अऋणी व डिफाल्टर किसानों से अनुरोध है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए शीघ्र ही अपने पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक में फार्म जमा कराए ताकि उनकी फसलों का बीमा योजना के तहत हो सके। किसानों से फसल बीमा करने के लिए बीमा प्रस्ताव पत्र, भू-अधिकार पुस्तिका की फोटोकॉपी, बोवनी का प्रमाण-पत्र संबंधित (पटवारी अथवा पंचायत सचिव से प्राप्त करें) आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी लाने को कहा है।

# खेलकूद से बढ़ता है भाईचारा और सद्भाव : अजय



**सीधी।** चुरहट विधानसभा के लोकप्रिय विधायक पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के मुख्य आतिथ्य में चुरहट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरिगंवा में मां दुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 10 का फाइनल मुकाबला बरिगंवा एवं बड़ा टीकट के बीच खेला गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह एवं ब्लाक अध्यक्ष रामविलास पटेल उपस्थित रहे। इस दिलचस्प मुकाबले में बड़ा टीकट की टीम विजेता एवं बरिगंवा टीम उप विजेता रही। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया एवं विजेता उपविजेता टीम सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को नगद राशि एवं शील्ड से पुरस्कृत किया गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा की खेलकूद से आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ता है। आयोजकों को साधुवाद है कि आपने सीमित संसाधनों में ये आयोजन किया। यह आयोजन निरंतर होता रहे और प्रतिभाओं को अवसर मिलता रहे। ग्रामीण स्तर पर कम संसाधनों में खिलाडिय़ों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। मैं सभी खिलाडिय़ों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। विजेता टीम को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हारने वाली टीम को निराश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि अगली बार ज्यादा तैयारी और दुगनी ताकत के साथ मैदान पर उतर कर विजेता बनाना है यह लक्ष्य लेकर वह यहां से जाएं। ज्ञान सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य को पाने का जुनून प्रत्येक परिस्थिति में बनाए रखना चाहिए। हारकर जीतने में ही जीवन की सफलता है। उक्त अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य पदाधिकारी और क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक 13 जनवरी को

**सीधी।** अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में दिनांक 13.01.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में टीएल बैठक के पश्चात बैठक आयोजित की गई है। उन्होने समस्त विभाग प्रमुखों को सूचित किया है कि गणतंत्र दिवस की तैयारी के संबंध में आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन एवं व्यक्तियों को किया जाएगा पुरस्कृत

**सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि उपभोक्ता अधिकार दिवस दिनांक 15 मार्च 2025 के अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन एवं व्यक्तियों को राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदाय किया जावेगा। उपरोक्त पुरस्कारों के लिये ऐसे संगठनों/व्यक्तियों का चयन दिनांक 01 जनवरी 2024 से दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में की गई गतिविधियों के आधार पर किया जावेगा। राज्य स्तरीय तीन पुरस्कार मय प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जावेंगे। राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार 1 लाख 11 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 25 हजार प्रदाय किया जायेगा। इसी प्रकार संभाग स्तरीय प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये प्रदाय किये जावेंगे। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय आवेदन पृथक-पृथक स्वीकार किये जावेंगे। राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु सुस्पष्ट रूप से लिखा जावे। आवेदन प्रारूप क विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। आवेदन दिनांक 23 जनवरी 2025 तक संबंधित कार्यालय जिला कलेक्टर (खाद्य) में स्वीकार किये जावेंगे। इस संबंध में बिना कलेक्टर की अनुशंसा के आवेदन सीधे संचालनालय खाद्य में स्वीकार नही किये जायेंगे, विलंब से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिये संबंधित कार्यालय जिला कलेक्टर (खाद्य) से संपर्क किया जा सकता है। विगत वर्ष राज्य स्तरीय प्रथम/द्वितीय/तृतीय पुरस्कार प्राप्त संस्थाओं के आवेदन पर चयन समिति द्वारा विचार नही किया जावेगा।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को

**सीधी।** प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन जिले के 8 विभिन्न केन्द्रों पर दिनांक 18.01.2025 को होगा। परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्टिंग का समय 10.30 है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड एवं प्रिंट कर के परीक्षा में उपस्थित हों।

उन्होने बताया कि जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 312, चुरहट में 304, सीधी क्रमांक 1 में 600, सीधी क्रमांक 02 में 400, सिहावल में 500, मझौली माडल 01 में 240, मझौली पथरौला 02 में 493 एवं कुसमी में 398 कुल 3247 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# रोजगार मेले में 68 आवेदकों का हुआ चयन

सीधी



विकासखण्ड प्रबंधक म.प्र. डे.रा. ग्रामीण आजीविका मिशन ने जानकारी देकर बताया है कि गुरुवार दिनांक 09.01.2025 को मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंशुमन राज जिला पंचायत सीधी के निर्देशानुसार जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल रविशंकर मिश्रा, जिला प्रबंधक स्किल देवेश मिश्रा के दिशा-निर्देशन में जनपद सभागार सिहावल में रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में एजाइल सिक्योरिटी फोर्स प्रा. लि. कम्पनी के मापदण्डों के आधार पर युवकों का रोजगार के अवसर प्रदान किया गया है। जिसमें पद- सुरक्षा जवान, में शैक्षणिक योग्यता-10 वीं, उम्र 18 से 37 वर्ष, ऊंचाई 165 से.मी. रखा गया। पद- सुरक्षा सुपरवाईजर के लिये स्नातक, एनसीसी, उम्र 25 से 37 वर्ष, ऊंचाई 172 से.मी., निर्धारित किया गया। पद- एन.सी.ओ. स्नातक एक्सपीरियंस, उम्र 30 से 37 वर्ष, ऊँचाई 170 से.मी. एवं हाउस कीपिंग (वेटर) 8 वीं, उम्र 18 से 37 वर्ष निर्धारित किया गया है। आयोजित रोजगार मेला में 115 बेरोजगार युवकों का पंजीयन हुआ। 68 आवेदको का चयन किया गया है। रोजगार मेला में एजाइल सिक्योरिटी फोर्स प्रा. लि. कम्पनी के आशीष अरजरिया एवं कुलदीप सोनतिया सहायक सुरक्षा अधिकारी द्वारा उपस्थित युवकों का निर्धारित मापदण्डों के आधार पर सलेक्शन किया गया। आयोजित मेला में विकासखण्ड प्रबंधक अखिलेश त्रिपाठी एवं आरसेटी रेनू सिंह उपस्थित रहे।

# संयुक्त मोर्चा महासंघ 16 जनवरी को सौपेगा ज्ञापन

**सीधी।** म0प्र0 अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा महासंघ के जिला शाखा अध्यक्ष चित्रसेन गौतम कें द्वारा बताया गया है कि प्रान्तीय निकाय के आह्वान पर सीधी जिले में भी दिनांक 16 जनवरी 2025 कों समय 1.30 बजे दोपहर में 20 मान्यता प्राप्त संगठन एवं 33 गैर मान्यता प्राप्त संगठनो के द्वारा एकजुटता का परिच.य देते हुए कलेक्ट्रेट प्रांगण में एकत्रित होकर श्री मान कलेक्टर महोदय सीधी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवं श्री मान मुख्यसचिव महोदय को अपनी 46 सूत्रीय मांगो के संबध में ज्ञापन सौपेगा। ज्ञापन सौपने में ज्यादा से ज्यादा तादाद में कलेक्ट्रेट परिसर में पहुचकर अपनी एकता का परिचय देते हुए मजबूती के साथ अपनी आवाज माननीय मुख्यमंत्री तक पहुचाने की अपील की गई है। सहयोगी संगठनो मे नन्द कुमार मिश्रा, अध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन सीधी रामसखा गौतम अध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ, के.एस.नेताम, अध्यक्ष म0प्र0 अजाक्स संघ श्री राम सोनी अध्यक्ष म0प्र0 अपाक्स संघ, हरीश मिश्रा अध्यक्ष म0प्र0 अध्यापक शिक्षक संघ, विनय कुमार मिश्र अध्यक्ष म0प्र0 कर्मचारी कांग्रेस राजबहोर पाठक अध्यक्ष म0प्र0 शिक्षक संघ दयाशंकरमणित्रिपाठी अध्यक्ष म0प्र0 तृतीय कर्मचारी संघ, विजय मिश्र अध्यक्ष म0प्र0 शिक्षक कांग्रेस श्रवण कुमार मिश्रा अध्यक्ष म0प्र0 लघुवेतन कर्मचारी संघ, सुनील सिंह अध्यक्ष म0प्र0 पटवारी संघ, विनोद पटेल कार्यकारी अध्यक्ष म0प्र0पटवारी संघ गंगा सिंह अध्यक्ष स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रशांत जायसवाल अध्यक्ष प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ बृजेश कुमार पाण्डेय अध्यक्ष म0प्र0 चिकित्सक संघ, अरूण प्रताप सिंह एवं श्यामसुन्दर शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष म0प्र0 लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ संजीव तिवारी एवं अजय सिंह सचिव लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ, अरूण सिंह अध्यक्ष सपाक्स संघ रानी द्विवेदी अध्यक्ष आगनवाडी संघ, महेन्द्र शुक्ला अध्यक्ष प्राचार्य मंच अवनीश प्रताप सिंह अध्यक्ष कृषि विस्तार अधिकारी संघ,पंकज मिश्रा जिलाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ, श्रीमती सान्ती बंशल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ, के.डी.सिंह अध्यक्ष वाहन चालक एसोसिएशन, सुखेन्द्र सिंह अध्यक्ष राज्य अध्यापक शिक्षक संघ, शिवानन्द शुक्ला अध्यक्ष परियोजना अधिकारी म.बा.वि. संघ, प्रेमलाल मिश्रा शास्त्री जी अध्यक्ष व्याख्याता संघ सूरज विश्वकर्मा अध्यक्ष योग संघ, अरूण कुमार द्विवेदी अध्यक्ष डिप्लोमा इन्जीनियर संघ, अशोक पाठक अध्यक्ष प्रधानाध्यापक संघ आसुतोष चतुर्वेदी अध्यक्ष स्थाईकर्मी राजेश पटेल अध्यक्ष अतिथि शिक्षक संघ, अजय सिंह अध्यक्ष सचिव संघ,नोखेलाल तिवारी, जिला अध्यक्ष अतिथि शिक्षक संघ, सत्यसागर पाण्डेय जिला अध्यक्ष राजस्व निरिक्षक संघ, डॉ.अश्वनी द्विवेदी जिला अध्यक्ष प्राध्यापक संघ, राजकुमार वडकडे जिला अध्यक्ष पशुचिकिसा सल्य सहायक संघ, आर.पी.सिंह जिला अध्यक्ष रोजगार सहायक संघ, आदि के द्वारा दिनांक 16.01.2025 को समय 1.30 बजे दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होने की अपील की गई है।

# शासकीय महाविद्यालय कुसमी में आयोजित हुई जन भागीदारी समिति की बैठक



सीधी। शासकीय महाविद्यालय कुसमी में महाविद्यालय के विकास एवं छात्र हित को ध्यान में रखते हुए जन भागीदारी समित की अतिआवश्यक बैठक विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य एवं उपखण्ड अधिकारी कुसमी प्रिया पाठक की अध्यक्षता एवं सदस्य जिला पंचायत हीराबाई सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। उक्त बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरि चरण अहिरवार ने महाविद्यालय के विकास एवं छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए कई अहम प्रस्ताव जिनमें पेयजल व्यवस्था, इंटरनेट की व्यवस्था, पुस्तकों को क्रय करना आदि प्रस्तुत किया । उक्त प्रस्तावों को समिति के सदस्य गणों ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

उक्त बैठक में महाविद्यालय के इतिहास के प्राध्यापक डॉ. उमाशंकर तिवारी, डॉ.के बी .मिश्रा प्रभारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, डॉ. अविनाश कुमार सिंह क्रीड़ा अधिकारी, ऋषि कुमार सोंधिया ग्रंथपाल, इंद्रप्रकाश गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, संतोष गर्ग सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने दिखाया हुनर



**सीधी।** जिले के वैष्णवी गार्डन में आयोजित विंध्य अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। फिल्म अनारकली ऑफ आरा और इन गलियों के डायरेक्टर व फेम अविनाश दास की मास्टर क्लास आयोजित हुई। कार्यक्रम के आयोजक प्रवीण सिंह चौहान व अविनाश दास के बीच फिल्म निर्माण से जुड़ी बारीकियां पर चर्चा हुई। प्रदर्शित की गई फिल्मों में कन्नड़ फीचर फिल्म द जर्नी आफ बेली आर्मी बैकग्राउंड फैमिली फिल्म पिता पुत्री संबंध पर आधारित इस फिल्म के निर्देशक गौरी श्रीनिवास दशकों से मुखातिब हुए। वही जबलपुर के लोकप्रिय रैंप सिंगर एफपीसी उर्फ अंकित बर्मन के संघर्ष पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म माइक ड्रॉप की स्क्रीनिंग हुई। जिसका ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों एवं उपस्थित जनों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अनूप मिश्रा ने बताया कि यह महोत्सव पिछले 6 वर्षों से बिना किसी सरकारी सहयोग से आयोजित किया जाता रहा है। और यहां पर समाजके अलग-अलग वर्गों से काफी सहयोग प्राप्त हो रहा है। वही कार्यक्रम के आयोजन में होटल अक्षत रेजिडेंसी एहोटल मधुसूदन पैलेस के अलावा सिद्ध भूमि इंटरनेशनल स्कूल एसीधी टूर एंड ट्रेवल्स जैसे सहयोगी शामिल है। फिल्म फेस्टिवल के आयोजन के दौरान ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक धरम विजय सिंह परिहार ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से न सिर्फ समाज को एक नई दिशा मिलती है बल्कि बच्चों को भी अपने जीवन में निरंतर अग्रसर होने की प्रेरणा मिलती है।

# रामराज्य की पहली सीढ़ी है निषादराज : बाला व्यंकटेश



**सीधी।** सर्वप्रथम व्यासपीठ का पूजा अर्चन एवं समिति के पदाधिकारी श्रीमती कुमुदिनी सिंह पार्षद, सुरेन्द्र सिंह बोरा, लालमणि सिंह चौहान बरिष्ठ अधिवक्ता, राजेन्द्र सिंह भदौरिया, अंजनी सिंह सौरभ आदि ने कथा प्रवक्ता पं बाला व्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक का माल्यार्पण से स्वागत अभिनन्दन किये। इसी अवसर पर सोंधी मॉटी लोनी बघेली साहित्यिक मंच सीधी के कवि आचार्य बृजमोहन योगी ब्रजेश की काव्य कृति ज्ञान दीप वार दे का महराज जी ने व्यासपीठ से विमोचन करते हुए रचनाकार को शुभकामना दिया।

कथा का शुभारंभ करते हुए महराज पं बालाव्यंकटेश ने कहा कि दशरथ जी अपना गुण एकान्त में तथा दोष समाज में देखते हैं लेकिन दशानन अपना गुण समाज में और दोष एकान्त में देखते हैं। यही दशरथ और दशानन में मूलभूत अंतर है। अतएव हम सब श्रोताओं को इस सूत्र का मंथन करना चाहिए तभी कल्याण संभव है। आगे प्रसंग में महराज जी ने बताया कि दशरथ के जीवन में वैराग्य का माध्यम कैकेयी बनी है। महराज जी ने कहा कि कैकेयी ने जो त्याग किया है उसे संतजन महनीय मानते हैं। क्योंकि अपने मॉग के सिन्दूर को दाव में लगाकर अपने चारो बच्चियों के सिन्दूर को बचाने का कार्य कैकेयी ने किया है। यह कहना कि राम को बनवास और भरत को राजगद्दी मागने की स्वार्थपरता ऊपर ऊपर की बात है। लेकिन भीतर का रहस्योद्घाटन कैकेयी को त्याग का प्रतिमूर्ति निरूपित करता है। महराज जी ने कहा कि मानस पटल पर सत्संग का प्रभाव विलम्ब से और कुसंग का कुप्रभाव त्वरित पडता है। मंथरा कुसंग की प्रतीक है। उसने कैकेयी को भ्रमित किया है कि रामका राज्याभिषेक और कौशल्या को राजमाता की घोषणा होगी तथा भरत को कुछ नही मिलेगा। आगे के प्रसंग में महराज जी ने बताया कि दशरथ हैं वेद, कौशल्या ज्ञान, कैकेयी क्रिया और सुमित्रा उपासना की प्रतीक है। फिर भी मंथरा ने कैकेयी का मन फेरकर यह सिद्ध कर दिया कि दुख की जड़ है काम और सुख की जड हैं राम तुलसीदास की चौपाइयों के गूढार्थ को सुस्पष्ट करते हुए एक प्रसंग में बाला व्यंकटेश महराज ने समझाया कि कोपभवन का ऐसा एक बिम्ब दिखता था मानो यहॉ भूॅखी शेरनी है जिससे कैकेयी के समक्ष राजा दशरथ की दशा भीजी बिल्ली सी बन गई है। लेकिन काम के कारण कैकेयी की बात मानने को महराज दशरथ विवश हैं पराधीन हैं। तब बाबा को लिखना पडा है कि रघुकुल रीति सदा चल आई प्राण जाय पर बचन न जाई। महराज जी ने गंभीरतापूर्वक कहा कि कैकेयी भले बाहर से क्रूर दिखती है लेकिन भीतर से वह समुदार है। यदि समुदारता उसमें न होती तो महराज दशरथ को कोपभवन में भी प्राण प्रिय नही कहती। अनेक दुर्लभ प्रसंग और रामचरित मानस के गूढार्थ को कथा व्यास जी ने समुपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिये। अगले प्रसंग में महराज जी ने कहा कि रामराज्य की पहली सीढी निषाद राज है। इसीलिए हमारे संतो और वेदाचार्यों का मानना है कि राम राज्य के चौदह सोपान हैं। जिसे हम चौदह वर्ष का वनवास कहा जाता है। रामकथा में देश एवं प्रदेश के कथा व्यास बाला व्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक ने अनेक गूढार्थ से सीधी के श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। श्रोताओं से पूरा पण्डाल आरती तक भरा रहा।

## संपादकीय

### कोरोना के बाद सामने आया एक और नया खतरा, सभी राज्य अलर्ट

एक बार फिर कोरोना विषाणु की तरह के एक विषाणु ने दस्तक दी है- ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी। इसका प्रसार भी चीन से शुरू हुआ है। भारत में भी कुछ लोगों में इसका संक्रमण पाया गया है। इसके लक्षण और प्रभाव लगभग कोरोना विषाणु जैसे ही हैं। यह भी श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। संक्रमित व्यक्ति को बुखार, सिर दर्द रहता और सांस लेने में तकलीफ होती है। अभी इसका संक्रमण बच्चों में देखा गया है और कोई गंभीर प्रभाव दर्ज नहीं हुआ है। मगर इस विषाणु की दस्तक से स्वाभाविक रूप से चिंता बढ़ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और जिला प्रशासन को इसे लेकर सतर्क रहने का निर्देश दे दिया है। संदिग्ध मामलों की तुरंत जांच और उपचार की व्यवस्था करने को कहा गया है। हालांकि सरकार लोगों को लगातार आश्वस्त कर रही है कि इस विषाणु को लेकर बहुत परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके गंभीर परिणाम नहीं हो रहे। आसानी से इसका उपचार किया जा पा रहा है। मगर इससे बचाव के एहतियाती, कोविड की तरह उचित सावधानियां बरतना जरूरी है। विषाणु से पैदा होने वाली बीमारियां लापरवाही की वजह से ही फैलती हैं, इसलिए एचएमएनवी के मामले में भी लोगों से एहतियाती सावधानियां बरतने की अपेक्षा की जा रही हैं। हालांकि विषाणु से फैलने वाली बीमारियों के बारे में अंतिम रूप से कुछ भी दावा करना मुश्किल होता है कि वे भविष्य में क्या रूप ले सकती हैं। इसलिए कि विषाणु अपना स्वरूप बदलते रहते हैं। अक्सर वे शीर्ष घातक रूप में पहुंचने के बाद कमजोर होना शुरू हो जाते हैं। कोरोना के मामले में भी शुरू-शुरू में दावा किया गया था कि एहतियाती उपाय अपना कर इससे बचा जा सकता है। मगर इस विषाणु ने अपना स्वरूप बदला तो अधिक शक्तिशाली रूप में प्रकट हुआ और दुनिया भर में उससे निपटना कठिन हो गया। अब कोरोना विषाणु की पहचान के संसाधन और कारगर टीके उपलब्ध हैं।

**एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। सबसे पहले साल 2001 में ही नीदरलैंड में इसका पता लगा था। जिन देशों में तुलनात्मक रूप से अधिक जांच या डायग्नोस्टिक लैब की व्यवस्था है, वहां बच्चों में सांस से जुड़ी न्यूमोनिया जैसी बीमारियों में एचएमपीवी संक्रमण का स्थान दूसरा रहा है। चीन में बेशक इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया, कोविड-19 और अब एचएमपीवी जैसे संक्रमण दिखे हैं, लेकिन सर्दियों और वसंत के दौरान इस तरह के मामलों में वृद्धि कोई नई बात नहीं है। यही कारण है कि सोशल मीडिया में चीन की गंभीर स्थिति का दावा किया जा रहा है, लेकिन न तो चीन के अधिकारियों ने और न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस तरह की किसी इमरजेंसी का एलान किया है। अपने देश में भी जो मामले सामने आए हैं, उसके लिए अस्पतालों में नियमित तौर पर की जा रही निगरानी का शुक्रिया अदा करना चाहिए। अब अपना स्वास्थ्य तंत्र भी काफी संजीदा हो गया है।**

# नए वायरस से कितना डरना चाहिए

(राजीव दासगुप्ता, प्रोफेसर (कम्यूनिटी हेल्थ), जेएनयू)

सोमवार दोपहर तक कर्नाटक के बेंगलुरु में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के दो और गुजरात में एक मामला सामने आने के बाद अचानक भारत में चिंता का माहौल बनने लगा है। एचएमपीवी के तीनों मामले बच्चों से जुड़े हैं, जिनमें से एक तीन महीने की बच्ची है, तो दूसरा आठ महीने का लड़का। तीसरा दो महीने का बच्चा है। तीनों फिलहाल स्थिर हैं, पर एचएमपीवी को लेकर खौफजदा तस्वीरें पेश करने वाले लोग इस वायरस को कोरोना से जोड़ने लगे हैं। उनका दावा है कि चीन में एचएमपीवी कहर बनकर टूटा है, इसलिए अपने यहां भी इसका विस्फोट हो सकता है। मगर क्या वे सच हैं?

एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। सबसे पहले साल 2001 में ही नीदरलैंड में इसका पता लगा था। जिन देशों में तुलनात्मक रूप से अधिक जांच या डायग्नोस्टिक लैब की व्यवस्था है, वहां बच्चों में सांस से जुड़ी न्यूमोनिया जैसी बीमारियों में एचएमपीवी संक्रमण का स्थान दूसरा रहा है। चीन में बेशक इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया, कोविड-19 और अब एचएमपीवी जैसे संक्रमण दिखे हैं, लेकिन सर्दियों और वसंत के दौरान इस तरह के मामलों में वृद्धि कोई नई बात नहीं है। यही कारण है कि सोशल मीडिया में चीन की गंभीर स्थिति का दावा किया जा रहा है, लेकिन न तो चीन के अधिकारियों ने और न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस तरह की किसी इमरजेंसी का एलान किया है। अपने देश में भी जो मामले सामने आए हैं, उसके लिए अस्पतालों में नियमित तौर पर की जा रही निगरानी का शुक्रिया अदा करना चाहिए। अब अपना स्वास्थ्य तंत्र भी काफी संजीदा हो गया है। वास्तव में, यह 'ट्रिपलडेमिक्स' का मौसम है, यानी वह परिस्थिति, जिसमें इन्फ्लूएंजा, सामान्य सर्दी की वजह से बनने वाले रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (आरएसवी) और एचएमपीवी के मामले बढ़ते ही हैं। ये तीनों ही कमोबेश एक जैसे लक्षण वाले संक्रमण हैं, हालांकि आरएसवी और एचएमपीवी का परिवार एक ही है। एचएमपीवी में नाक बहने की शिकायत आती है और गले में खराश बना रहता है। यह हमारी सांस की नली के ऊपरी और निचले, दोनों हिस्से को संक्रमित करता है, इसलिए इसके मरीजों में खांसी और घरघराहट, दोनों दिखते हैं। पहली बार संक्रमित होने के बाद हमारा प्रतिरक्षा तंत्र इससे लड़ने के लिए अमूमन तैयार हो जाता है, इसलिए बाद में इसका संक्रमण बहुत हल्का दिखता है। बहुत छोटे बच्चों और 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए इसका पहला संक्रमण



गंभीर हो सकता है। सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों व कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र वाले व्यक्तियों को भी विशेष सावधानी बरतने की जरूरत पड़ सकती है। हालांकि, कोरोना की तरह आरटीपीसीआर टेस्ट से इसके संक्रमण का पता लगाया जा सकता है, पर अपने देश में बहुत आसानी से उपलब्ध होने के बावजूद आमतौर पर इसकी जांच नहीं कराई जाती।निचले श्वसन पथ के संक्रमित होने पर इसके लक्षण कहीं गंभीर हो सकते हैं और अगर ब्रोंकियोलाइटिस, ब्रोंकाइटिस, निमोनिया, अस्थमा, फेफड़ों की पुरानी बीमारी और कान के संक्रमण का साथ मिला, तो मरीज की स्थिति बिगड़ सकती है। फिलहाल ऐसी कोई एंटीवायरल दवा नहीं, जो खास इसी के लिए बनाई गई हो, पर इसके संक्रमण के ज्यादातर मामले अपने आप ठीक हो जाते हैं। गंभीर लक्षणों वाले मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट देकर और कॉर्टिकोस्टेरॉइड से इलाज किया जाता है। इसमें मृत्यु दर काफी कम है और इसका खतरा तभी बढ़ता है, जब कैंसर, प्रत्यारोपण, कोविड-19 या गंभीर इन्फ्लूएंजा वाले मरीजों में एचएमपीवी का संक्रमण होता है।

बहरहाल, सांस से जुड़े अन्य संक्रमणों की तरह इसका संक्रमण भी मरीज के सीधे संपर्क में आने और वायरस से संक्रमित वस्तु को छूने आदि से होता है। इसी कारण संक्रमण से बचने के लिए खांसने, छींकने, हाथ मिलाने आदि में सावधानी बरतने, शारीरिक संपर्क से बचने और फोन, दरवाजे के हैंडल, कीबोर्ड, खिलौने आदि न छूने की सलाह दी जाती है। साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोना, अल्कोहल वाले सैनिटाइजर का प्रयोग, खांसते या छींकते समय नाक व मुंह को नंगे हाथ के बजाय कोहनी से ढकना और चेहरे, आंखों, नाक व मुंह को छूने से बचना आदि बुनियादी बातें हैं, जिनका हमें ख्याल रखना चाहिए। इतना ही नहीं, जिन लोगों में संक्रमण के लक्षण दिखें, उनको घर पर ही रहना चाहिए। भीड़भाड़ में जाने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाना चाहिए।

अच्छी बात है कि अपने देश में पहले से ही आईएलआई जैसी इन्फ्लूएंजा सरीखी बीमारियां या सांस की गंभीर बीमारियों (एसएआरआई) के एकीकृत निगरानी की व्यवस्था रही है। इसे कहीं अधिक गहन बनाने की आवश्यकता है। एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीएसपी) की जिला व राज्य इकाइयों को भी विशेषकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और सह-रुग्णता वाले मरीजों की खास निगरानी करनी होगी। इसके आंकड़ों को लगातार 'अपडेट' करना होगा और निजी अस्पतालों पर भी निगरानी बढ़ानी होगी। हमें यह भी समझना होगा कि चीन में रोग नियंत्रण व रोकथाम केंद्र- सीडीसी द्वारा दिसंबर के आखिरी सप्ताह तक दर्ज आंकड़ों से पता चलता है कि वहां इस मौसम में फ्लू जैसी कई बीमारियों का फैलना सामान्य है। रुझान यही बताते हैं कि इन्फ्लूएंजा के तमाम मामलों में जिन 30.2 प्रतिशत लोगों में आईएलआई या एसएआरआई की पुष्टि की गई, उनमें से 17.7 प्रतिशत लोग अस्पताल में भर्ती हुए। जबकि, 6.2 प्रतिशत एचएमपीवी संक्रमितों में से 5.4 प्रतिशत ही अस्पतालों में भर्ती के लिए आए।

रही बात अपने देश की, तो यहां आमतौर पर इसकी जांच नहीं की जाती। अपने यहां भी यह एक सामान्य वायरस है और देश के विभिन्न हिस्सों में एक फीसदी से 19 फीसदी तक इसके मामले आते रहे हैं। बेशक यह मुख्य रूप से समशीतोष्ण जलवायु में छोटे बच्चों की बीमारी है, लेकिन अब तक उपलब्ध भारत के आंकड़े बताते हैं कि इसके 44 फीसदी मामले 15-50 वर्ष की आयु वर्ग वाले लोगों में रहे हैं। इन्फ्लूएंजा, आरएसवी, डेंगू, लेप्टोस्पाइरा और स्क्रब टाइफस जैसे कई संक्रमणों के साथ भी इसका संक्रमण पाया गया है, जिसके कारण कभी-कभी यह गंभीर बन सकता है। जाहिर है, व्यापक जांच-पड़ताल के बाद ही पूरी तस्वीर साफ हो सकती है और सामान्य वायरस होने के कारण जांच में इसके अधिक मामले सामने आ सकते हैं। प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य देखभाल और गुणवत्तापूर्ण अस्पताल प्रबंधन से ही हम सुनिश्चित कर सकेंगे कि यह हमारे लिए चिंता की वजह न बने। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# जल संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाती जल सहेलियां

कुमार कृष्णान

वर्तमान में भारत गहरे जल संकट के दौर से गुजर रहा है। भूजल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है, नदियां सूखने की कगार पर हैं और तालाबों पर अतिक्रमण हो रहा है। पिछले कई वर्षों से पानी की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में निरंतर गिरावट आ रही है। जल संसाधनों के अंधाधुंध और अव्यवस्थित उपयोग के परिणामस्वरूप, जल संकट बढ़ता जा रहा है। यह संकट न केवल पर्यावरणीय संकट बन चुका है, बल्कि हमारे लिए भविष्य की चिंता का सबब है। इसे समझा है बुंदेलखंड की महिलाओं ने और अब वे जल सहेलियां बनकर जल संरक्षण के लिए तैयार हो चुकी हैं। अनुमानों के मुताबिक 2021 में सालाना प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता 1,486 क्यूबिक मीटर थी जो 2031 तक और गिरकर 1,367 क्यूबिक मीटर होने वाली है ये आंकड़ा डरावना है जो पानी की उपलब्धता के मामले में वैश्विक औसत 5,500 क्यूबिक मीटर प्रति व्यक्ति से काफी कम है। यह गंभीर जल संकट की तरफ संकेत देता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत में पानी की मांग इसकी आपूर्ति की तुलना में दोगुनी हो जाएगी। तेजी से बढ़ते आर्थिक विकास, शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि और जीवनशैली में बदलाव के कारण पानी की मांग विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ेगी। भारत में 70 फीसदी जल का उपयोग कृषि क्षेत्र में होता है, लेकिन हमारी जल उपयोग दक्षता अंतर्राष्ट्रीय मानकों की तुलना में बहुत कम (लगभग 30-35प्रतिशत) है। यदि जल उपयोग दक्षता में तेजी से सुधार किया जाए और जल बचाया जाए, तो यह पानी घरेलू क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**बुंदेलखंड में नदियों एवं जल स्त्रोतों की स्थिति-** बुंदेलखंड, जो उत्तर और मध्य भारत के एक हिस्से के रूप में जाना जाता है,यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 7-7 जिलों से मिलकर बना है। बुन्देलखण्ड पानी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। यहाँ जल की उपलब्धता अत्यधिक कम है, और पानी के स्रोत सूखते जा रहे हैं। जो नदियाँ आज से दो दशक पहले 8 से 10 महीने प्रवाहमान रहती थी और लोगों की जीविकोपार्जन का साधन हुआ करती थी ,अब वही सूखी नदियाँ आज इस बात की गवाही दे रही हैं कि मानव द्वारा सुनियोजित खनन से इन नदियों का प्राकृतिक प्रवाह और जीवन चक्र पूरी तरह से प्रभावित हुआ। बुन्देलखण्ड की दुर्दशा का सबसे प्रमुख कारण इस इलाके की जल संरचनाओं का जीर्णशीर्ण होना, छोटी नदियों का सूखना, तालाबों का अतिक्रमित होना एवं वन क्षेत्र का घटना है। जिससे जल संकट भी बढ़ा है। छोटी नदियाँ मृतप्राय हो चुकी हैं या होने के कगार पर हैं। गोपाल सिंह बताते है -ज्ज्प्राकृतिक स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन से नदियाँ सूखने लगी हैं 7 जब छोटी नदियाँ मरती हैं तो बड़ी नदियों के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है , उनका पारिस्थितिक प्रवाह भी कम होने लगता है जो आने वाले समय में गंभीर जल संकट की ओर आगाह कर रहा है।

नदी किनारे बसे किसान, कुम्हार, मछुआरे, ढीमर जैसे लोग इन नदियों से अपनी आजीविका चलाते थे, लेकिन अब नदी के जल स्तर में कमी आने के कारण उनकी स्थिति भी बिगड़ गई है। इससे न केवल जल संकट बढ़ा है, बल्कि पलायन भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इसके अलावा बुंदेलखंड क्षेत्र में चंदेल कालीन तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिनका निर्माण 9वीं से 12वीं शताब्दी के बीच हुआ था। चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण को प्राथमिकता दी थी और जल प्रबंधन के तहत कई हजारों तालाबों का निर्माण किया था। इन तालाबों का निर्माण विशेष रूप से जल संरक्षण के उद्देश्य से किया गया था। तालाबों के चारों ओर पहाड़, मिट्टी के टीले या प्राकृतिक चट्टानों का सहारा लिया गया था, जिससे पानी तीन दिशाओं से संरक्षित हो सके। लेकिन समय के साथ, जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ी और औद्योगिकीकरण हुआ, इन तालाबों की स्थिति बिगड़ गई। अब, पानी की प्रबंधन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कई तालाबों में गाद और सिल्ट जमा हो गया है, जिससे जल संग्रहण की क्षमता घट गई है। इसके अतिरिक्त, तालाबों के आसपास अतिक्रमण होने से जल धारा अवरुद्ध हो गई है । आज के समय में बुंदेलखंड में 2000 से अधिक चंदेल कालीन तालाब हैं, लेकिन इनमें से केवल 500 तालाब ही उपयोगी हैं। इन तालाबों की संरचनाएँ कमजोर हो गई हैं, जिससे जल संरक्षण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही, तालाबों का क्षेत्र भी कम हो रहा है, क्योंकि वे अतिक्रमण का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में गांवों में रहने वाली महिलाएं आगे आई हैं। उन्होंने परमार्थ समाज सेवी संस्थान की पहल पर एक समूह बनाया है, जिसका नाम है जल सहेली समूह।बुंदेलखंड के ज्ज्जलपुरुषज्ज के रूप में प्रसिद्ध संजय सिंह बताते हैं कि समूह के नाम के आधार पर समूह से जुड़ने वाली महिलाओं को जल सहेली कहते हैं, जो अपने गाँव के क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के लिए सभी प्रकार के प्रयास करती हैं। जल सहेलियां गाँव के लोगों को पानी से जुड़ी हर प्रकार की समस्या के समाधान बताती हैं 7 इसमें पानी का संचयन करना , जल संरक्षण ,कुओं को गहरा करना ,जल संरचनाओं का पुनर्द्धार करना ,छोटे बाँध बनाना ,हैण्ड पंप को सुधारना , सरकार के साथ समुदाय की भागीदारी करवाना, प्रशासनिक अधिकारियों से मिलना और ज्ञापन देना तक शामिल हैं।

जल सहेलियों के द्वारा किये जा रहे प्रयासों को प्रधानमंत्री जी ने अपनी मन की बात कार्यक्रम में भी सराहा है। बुंदेलखंड में इन जल सहेलियों ने 100 से अधिक गांवों को पानीदार बनाने का काम किया है इसके साथ ही 100 से अधिक चंदेलकालीन तालाबों का सरकार के सहयोग से जीर्णोद्धार एवं 6 छोटी नदियों के पुनर्जीवन के प्रयास किये हैं। इन्ही प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए परमार्थ संस्था द्वारा 02 फरवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 तक बुंदेलखंड के पांच जिलों निवाड़ी, झांसी, ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर में ओरछा से लेकर जटाशंकर तक लगभग 300 किलोमीटर की पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा ओरछा से शुरू होकर उत्तर प्रदेश के बबीना विकासखण्ड, ललितपुर जनपद के तालबेहट विकासखण्ड से होते हुए टीकमगढ़ के जतारा ब्लॉक के मोहनगढ़, टीकमगढ़ एवं बडागांव पहुंचेगी। वहां से यह यात्रा छतरपुर जनपद के बड़ामलेहरा विकासखण्ड से होते हुए बिजावर तक जाएगी इस यात्रा का समापन जटाशंकर धाम, छतरपुर में होगा। यात्रा के दौरान जल संरक्षण, जलवर्धन और जल के पुनः उपयोग के उपायों पर जागरूकता फैलाने के साथ ही स्थानीय जल स्त्रोतों के चिन्हांकन और उनके पुनरुद्धार के लिए कार्य किए जाएंगे। इस यात्रा में जल सहेलियां और स्थानीय समुदाय गांव-गांव में यात्रा के मार्ग में स्थित जल चौपालों का आयोजन करेंगें, साथ ही श्रमदान जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

संजय सिंह बताते हैं कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य बुंदेलखंड में चंदेल कालीन तालाबों का जीर्णोद्धार और विलुप्त हो रही छोटी नदियों के पुनर्जीवन हेतु सरकार, शासन एवं समाज को संवेदित एवं जागरुक करना एवं बुंदेलखंडवासियों को जल संरक्षण के महत्व को समझाना और उन्हें पानी के स्रोतों की रक्षा के लिए प्रेरित करना है। यात्रा के दौरान जल संरक्षण के उपायों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए संवाद, जल चौपाल, और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोग जल की कीमत समझें और इसके प्रति अपनी जिम्मेदारी को महसूस करें।

**चंदेल कालीन तालाबों का जीर्णोद्धार-** बुंदेलखंड में चंदेल कालीन तालाबों का इतिहास बहुत पुराना है, लेकिन समय के साथ इन तालाबों की स्थिति खराब हो चुकी है। इन तालाबों का जीर्णोद्धार करना, जल संरक्षण की प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने के लिए महत्वपूर्ण है। यात्रा के दौरान इन तालाबों के पुनरुद्धार के लिए तालाबों की विरासतों को बचाने हेतु लोगों को जागरूक किया जायेगा। बुंदेलखंड की ज्यादातर छोटी नदियां या तो सूख गयी है कुछ सूखने की कगार पर हैं। जल सहेलियाँ इन नदियों के पुनर्जीवन के लिए लगातार कार्य कर रही हैं।

## वर्ग पहेली 5608

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | 8 | | 9 | 10 |
| 11 | | 12 | | | | 14 | |
| 15 | 16 | | 17 | | 18 | | |
| 19 | | | | | 20 | 21 | |
| | | | | | 22 | | |
| 23 | | | | 24 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1979 के दिन इस तत्कालीन राष्ट्रपति ने लोकसभा भंग की थी (8)
6. राज्याभिषेक, सिंहासनारूढ़ हो जाने के समय युवराज के मस्तक पर लगाया जाने वाला टीका (3)
7. स्वीकार करना, मानना (3)
9. अस्वजन, अपरिचित, अनजान, पराया (3)
12. गीत गाने या बोलने का ढंग, शब्दों को उच्चारण करने का खास ढंग (3)
14. यह मध्यप्रदेश के प्रांत का नगर एवं संभाग है जो प्रदेश प्रांत के विंध्य पठार के एक हिस्से का निर्माण करता है (2)
15. फायदा, मुनाफा, प्राप्ति (2)
17. दौड़ने वाला, धावक (3)
19. दादा का पिता, प्रतितामह (4)
20. विरुद्ध, प्रतिकूल, उलटा (3)
22. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
23. जिसके पार अपार संपत्ति हो, धनपति, मालामाल, धनाढ्य (3)
24. पृथ्वी, जमीन, सीता की एक सहेली का नाम (1)

**ऊपर से नीचे**

1. लोक व्यवहार हेतु नियत किया गया आचार, बर्ताव का ढंग (2)
2. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
3. मान्य और सर्वप्रिय, पसंद किया हुआ (4)
4. सजीव रहना, जिंदा रहना, जीवित होना (2)
5. रूपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
8. जो सीधा न जाकर बल खाता हुआ गया हो (5)
10. अनजान, अपरिचित, अज्ञात (4)
11. तानयुक्त स्वरों में आरंभिक धुन प्रदर्शन (3)
13. प्राणतत्व, जीवन, जानकारी, पहचान (2)
16. ऋण मोचन, क्षतिपूर्ति, भुगतान, आवक पत्र (4)
18. पहरेदार या रक्षक को यह भी कहा जाता है (3)
21. उर्दू का एक अक्षर, अलक, जुल्फ, फौज का दस्ता, दूर, दूरी पर, समूह (2)

### वर्ग पहेली 5607 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रो | मा | नि | वा | | कु | श | ल |
| ज्ञ | न | | द | ह | श | त | |
| ना | ना | ना | | ल | व | | था |
| म | | पा | स | | ती | त | र |
| वा | बु | क | | व्यो | | बा | |
| | डा | | ना | म | ज | द | गी |
| | पे | प | र | | म | ला | |
| ड | स्ट | र | | मी | ना | | |

# यह नया मनुष्य कौन होगा और कहां से आएगा?

चलिए साल तो नया हो गया, लेकिन मनुष्य? वह कैसा है- नया या पुराना? ओशो का पूरा दर्शन और कार्य नए मनुष्य के जन्म के लिए है। वह कहते हैं, नए मनुष्य में मानवता का पूरा भविष्य समाया हुआ है। सवाल यह है, यह नया मनुष्य कौन होगा और कहां से आएगा? यह हमारे भीतर से ही आएगा, लेकिन हम जैसे हैं, वैसे नहीं रह सकते, हमें बदलना होगा। उन्होंने बहुत साफ बिंदु दिए हैं कि नए मनुष्य की पहचान क्या होगी? आदमी सुखी हो सकता है, अगर जो उसे मिल रहा है, उसे वह पूरे अनुग्रह से स्वीकार कर ले। अनुग्रह का भाव अंकुरित होता है हृदय में, लेकिन हृदय का द्वार सबका बंद पड़ा है। हमारी शिक्षा में, संस्कृति में, परवरिश में, कहीं भी हृदय को विकसित करना सिखाया नहीं जाता। जरा सोचें, जो मिला है, वह कितना अपूर्व है - इतनी सुंदर प्रकृति, रोज ऊगता नया सूरज, रात में निकलते चांद-तारे, सुफला-सुजला धरती, क्या इसके हम हकदार हैं? प्रतिपल अनुग्रह से जीना सीखें, तो सुख ही सुख है। सुख कोई बाहर किसी बैंक में रखा निवेश नहीं है, वह हर पल आपकी संवेदना में है। अगर एक नया मनुष्य पैदा करना है, तो हमें क्षण में सुख लेने की क्षमता और हर क्षण के प्रति आदर और अनुग्रह सीखना पड़ेगा।

दूसरे, आज की सबसे बड़ी जरूरत है कि लोग धार्मिकता को समझें। जिसे लोग धर्म समझते हैं, वे धर्म नहीं हैं, वे चट्टानें हैं। धार्मिकता तो एक बहती हुई सरिता है, जो पग-पग पर मोड़ लेती, निरंतर अपने मार्ग बदलती, लेकिन अंततः सागर तक पहुंचती है। धार्मिकता हृदय की खिलावट है। वह तो अपनी आत्मा, अपनी ही सत्ता के केंद्रबिंदु तक पहुंचने का नाम है। ध्यान रहे, आदमी किसी धर्म में पैदा नहीं होता, धर्म आदमी के भीतर पैदा होता है। धर्म की परिभाषा भगवान महावीर ने की है, वस्तु स्वभावो धर्मः। हर वस्तु का जो स्वभाव है, वह उसका धर्म है। जैसे, पानी का धर्म है नीचे की ओर बहना, भाप का धर्म है हवा में उड़ना। अग्नि का धर्म है गर्मी पैदा करना, माटी का धर्म है स्थिर रहना। मनुष्य भी निसर्ग का हिस्सा है, उसे अपना धर्म ढूंढ़ना जरूरी है। काश! पूरी धरती पर धार्मिकता फैल सकती, तो सारे धर्म विदा हो जाते। यह मनुष्य जाति के लिए एक महान वरदान होगा, जब मनुष्य केवल मनुष्य होगा- न ईसाई, न मुसलमान, न हिंदू!

जब तक धार्मिकता की हवा पैदा नहीं होती, तब तक वास्तविक धर्म और अखंड मनुष्य पैदा नहीं हो सकता। अखंडित मनुष्य अपने आप में पूर्ण है। उसकी पूर्णता ही उसकी पवित्रता है। वह इतना परितृप्त है कि फिर उसे दूर कहीं स्वर्ग में बैठे, उसकी देखभाल करने वाले किसी ईश्वर की मानसिक जरूरत नहीं रह जाती।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। ये बदलाव आपके सहकर्मियों के लिए थोड़ी परेशानी का कारण बन सकते हैं। आपकी मददगार प्रवृत्ति के कारण आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। आप अपने अच्छे व्यवहार से कार्यस्थल के माहौल को सामान्य बनाए रखेंगे।

**वृष**
आज का दिन परिवार के साथ खुशियों से भरा रहेगा। दोपहर तक कोई शुभ समाचार मिलने की संभावना है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शाम को किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। रात में किसी शुभ कार्यक्रम में शामिल होने से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में दिन लाभ से भरा होगा ।

**मिथुन**
आज कोई कीमती वस्तु या संपत्ति मिल सकती है। इसमें आपके पिता का आशीर्वाद और उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। दिनभर व्यस्तता बनी रहेगी। फिजूलखर्ची से बचने की कोशिश करें। शाम से लेकर रात तक तेज गति वाले वाहनों का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें।

**कर्क**
आज अचानक धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यापारिक योजनाओं में गति आएगी। आपका मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। जल्दबाजी और भावुकता में कोई भी फैसला लेने से बचें, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है।

**सिंह**
आज राजनीति के क्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। आप संतान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। प्रतिस्पर्धा में आप आगे बढ़ेंगे। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। पाचन संबंधी समस्या और आंखों में तकलीफ हो सकती है। शाम से लेकर रात तक का समय अपनों के साथ हंसी-खुशी में बीतेगा।

**कन्या**
आज मेहनत का फल मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। विपरीत परिस्थितियों में गुस्से पर काबू रखें। घर-परिवार की समस्याएं सुलझ जाएंगी। सरकार से भी मदद मिल सकती है। सूर्यास्त के समय अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**तुला**
आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बनेंगे। आपकी वाकपटुता आपको सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ की वजह से मौसम का असर आपकी सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। यात्रा सुखद और लाभदायक रहेगी।

**वृश्चिक**
आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन, सम्मान, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। अपनों से मुलाकात होगी। वाणी पर संयम न रखने से परेशानी हो सकती है। शाम को अपनों से मुलाकात और रात में मनोरंजन का अवसर मिलेगा। आपका दिन सुख सुविधाओं से भरा होगा और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**धनु**
आज घर के सामान पर खर्च करना पड़ सकता है। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव बढ़ सकता है। पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें, धन फंस सकता है। दिन में सरकारी कामों या कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं, लेकिन अंत में आपकी जीत होगी।

**मकर**
आज व्यापार में अच्छा लाभ होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। व्यापार में बदलाव की योजना बन सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी होंगी। शाम को किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है, लेकिन टल भी सकता है। वाहन चलाते समय सावधान रहें।

**कुंभ**
आज जीवनसाथी को अचानक स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। इस वजह से भागदौड़ और खर्च बढ़ सकता है। किसी संपत्ति की खरीद-बिक्री करते समय उसके सभी कानूनी पहलुओं पर ध्यान दें। शाम को जीवनसाथी की सेहत में सुधार होगा, लेकिन पूरी तरह ठीक होने में समय लगेगा। आपका दिन लाभ और तरव?की से भरा होगा।

**मीन**
आज वैवाहिक जीवन आनंददायक रहेगा। आज छोटी या लंबी यात्रा हो सकती है। व्यापार में तरक्की से खुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से छुटकारा मिलेगा। शाम को घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका मन भी शांत रहेगा। माता-पिता की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी और आपको लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना टिकट दिल्ली से झारखंड, हर चोरी पर 3000; दिल्ली में नाबालिगों से ऐसे चोरी कराते थे मोबाइल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने हाल ही में एक मोबाइल चोरी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। जांच में इसे लेकर हैरान करने वाले खुलासे हुए हैं। रैकेट का कथित मास्टरमाइंड झारखंड के किशोरों को बहला-फुसलाकर राष्ट्रीय राजधानी में भेज देता था, ताकि वे व्यस्त बाजारों में लोगों के महंगे मोबाइल फोन चुरा सकें। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन नाबालिगों को हर मोबाइल फोन चुराने पर 3,000 रुपये का लालच दिया जाता था और वे बिना टिकट ट्रेन से दिल्ली आते थे। इसके बाद व्यस्त बाजार के लोगों को अपना निशाना बनाते थे। पुलिस ने बताया कि अपना टास्क (काम) पूरा करने के बाद, वे चोरी किए गए मोबाइल को अपने हैंडलर, जिसे शिवा के नाम से जाना जाता है, को सौंप देते और फिर झारखंड लौट आते थे। इस वजह से उनका पता लगाना मुश्किल हो जाता था। डिप्टी पुलिस कमिश्नर राजा बांठिया ने बताया कि यह रैकेट तब सामने आया जब दिल्ली के कमला नगर में एक दुकानदार से आईफोन चुराने के आरोप में 13 साल के एक लड़के को पकड़ा गया। डीसीपी ने कहा, घटना 22 दिसंबर को हुई, जब एक महिला कमला नगर मार्केट में खरीदारी कर रही थी। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक नाबालिग लड़के ने उसका मोबाइल फोन चुरा लिया है। रूप नगर पुलिस चौकी में एक डेली डायरी एंट्री दर्ज की गई। इसके बाद आगे की जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि नाबालिग ने चोरी की है, जो जांच का अहम सुराग था। इसके बाद पुलिस टीम ने लोकल मुखबिरों को एक्टिव किया और बाजार में विक्रेताओं और हितधारकों को इसकी जानकारी दी। डीसीपी बांठिया ने बताया कि 5 जनवरी को रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान टीम को कमला नगर में स्पार्क मॉल के पास देखे गए संदिग्ध व्यक्ति से मिलते-जुलते एक नाबालिग के बारे में सूचना मिली और उसे पकड़ लिया गया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान नाबालिग ने बताया कि वह झारखंड का रहने वाला है और दिल्ली में उसका कोई स्थायी पता नहीं है। उसने बताया कि उसे शिवा नामक व्यक्ति ने भर्ती (रिक्रूट) किया है, जो उसे उसके होमटाउन में मिला था। पुलिस ने बताया कि शिवा ने नाबालिग को हर चोरी के बदले 3,000 रुपये दिए और उसे कई बार मोबाइल फोन चुराने के लिए दिल्ली भेजा।

### भारतीय नागरिकता लेने वाले पाकिस्तानियों को पैकेज देने के लिए निर्देश देने की मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को सी (नागरिकता संशोधन अधिनियम) के तहत भारतीय नागरिकता पाने वाले पाकिस्तानी प्रवासियों के लिए पुनर्वास पैकेज जारी करने के संबंध में केंद्र सरकार को निर्देश देने से इनकार कर दिया। हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि यह सरकार का नीतिगत मामला है, साथ ही उन्होंने केंद्र को याचिकाकर्ता के आवेदन पर निर्णय लेने को कहा। इस बारे में अखिल भारतीय धर्म प्रसार समिति ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिसमें उसने कहा कि पाकिस्तान से बड़ी संख्या में प्रवासी आए हैं, जिन्होंने सीएए, 2019 के तहत नागरिकता प्राप्त की है। याचिका में कहा गया था कि प्रवासियों को भारत में सम्मान के साथ रहने के लिए कई पुनर्वास उपायों की जरूरत है। याचिका में बताया गया कि इन प्रवासियों में से कुछ लोग बेहद दयनीय स्थिति में रह रहे हैं, और उनके पास सिर पर छत, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पानी, बिजली और स्वच्छता जैसी चीजें नहीं है, जिसके चलते उनके लिए तत्काल पुनर्वास के उपाय देने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि पुनर्वास पैकेज और इसकी आवश्यकता की सीमा पूरी तरह से नीतिगत मामला है।

### दिल्ली पुलिस के 23 अधिकारियों को एलजी से मिली स्पेशल पावर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के 23 अधिकारियों को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने स्पेशल पावर दी है। अब ये अधिकारी सोशल मीडिया से गलत सामग्रियों को हटा सकेंगे। इसे लेकर एलजी ने एक 26 दिसंबर को एक अधिसूचना जारी की है। जिसके अनुसार, उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत गलत सामग्री को हटाने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों और अन्य मध्यस्थों को टेकडाउन आदेश (हटाने) जारी करने के लिए कम से कम 23 वरिष्ठ दिल्ली पुलिस अधिकारियों को शक्ति दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि इन कार्यों को करने के लिए दिल्ली पुलिस को दिल्ली एनसीटी की नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। आईटी अधिनियम की धारा 79 (3) (बी) में कहा गया है कि मध्यस्थ (जैसे फेसबुक, यूट्यूब, जियो, क्लाउडफ्लेयर) थर्ड पार्टी कंटेंट के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं यदि वे उपयुक्त सरकार या उसकी एजेंसी द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद सामग्री को हटाने में विफल रहते हैं।

# 24 घंटे में बदल जाएगा हिमाचल प्रदेश का मौसम, 2 दिन होगी भारी बर्फबारी; बारिश का भी अलर्ट

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौसम के दोहरे रूप देखने को मिल रहे हैं। जहां पहाड़ों पर खिली धूप से मौसम सुहावना बना हुआ है, वहीं मैदानी इलाकों में घने कोहरे ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। हिल्स स्टेशन शिमला और मनाली में गुनगुनी धूप के कारण पर्यटक सर्द मौसम का आनंद ले रहे हैं। जबकि मंडी, बिलासपुर, पांवटा साहिब, ऊना और कांगड़ा में घना कोहरा छाया हुआ है। गुरूवार की सुबह बिलासपुर में दृश्यता महज 50 मीटर और मंडी में 100 मीटर तक सिमट गई है।



**पश्चिमी विक्षोभ होगा सक्रिय, करवट लेगा मौसम :** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में अगले 24 घण्टों बाद मौसम करवट लेने वाला है। 11 और 12 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और बिजली कड़कने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हिल्स स्टेशनों कुफ़री, नारकण्डा और मनाली में बर्फ की सफेद चादर बिछने की उम्मीद है। इस विंटर सीजन में इन जगह चार बार हिमपात हो चुका है। बर्फबारी होने से ठंड भी बढ़ेगी, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि 13 से 15 जनवरी तक प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। लेकिन शीतलहर का प्रभाव जारी रहेगा। पहाड़ी इलाकों में पड़ी बर्फ और मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण तापमान में गिरावट जारी रह सकती है। इसके साथ ही सुबह और रात के समय कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।

**10 शहरों का माइनस में पारा, ताबो और कुकुमसेरी सबसे ठंडे :** राज्य में पहले से ही शीतलहर का प्रकोप बना हुआ है। प्रदेश के 10 से अधिक स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे चल रहा है। लाहौल-स्पीति का ताबो और कुकुमसेरी प्रदेश के सबसे ठंडे स्थान बने हुए हैं। दोनों जगहों पर गुरूवार को न्यूनतम तापमान -11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मैदानी इलाकों में लोगों को रात में भारी सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार समधो में न्यूनतम तापमान -8 डिग्री, कल्पा में -3.4 डिग्री, रिकांगपिओ में -0.6 डिग्री, बजुआरा में -0.4 डिग्री, सियोबाग में -0.2 डिग्री, मनाली में -0.9 डिग्री, ऊना व भुंतर में -0.5 डिग्री और शिमला में 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**हिमाचल में बारिश बर्फबारी का अलर्ट :** हिमाचल प्रदेश में मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग की मानें तो 10 जनवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देगा। इसका असर हिमाचल प्रदेश पर व्यापक रूप से पड़ेगा। मौसम विभाग ने दो दिन हिमाचल प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात की चेतावनी जारी की गई है। उससे पहले सूबे के विभिन्न हिस्सों में शीत लहर चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। शिमला मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटे के दौरान हिमाचल प्रदेश के 12 में से पांच जिलों में शीत लहर, पाला गिरने और घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी जिलों के अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर के साथ घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। कुछ जगहों पर पाला गिरने का भी अनुमान है। मौसम विभाग ने ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी के लिए शुक्रवार को भी घने कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग की मानें तो उत्तर पश्चिमी भारत में 10 जनवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इसके प्रभाव से शनिवार और रविवार को हिमाचल प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश के आसार हैं। वहीं ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात की चेतावनी जारी की गई है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा। हालांकि लाहौल-स्पीति और किन्नौर में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकांश जगहों पर बर्फबारी देखी जा सकती है। इस बीच ऊना जिला मंगलवार रात को भीषण शीतलहर की चपेट में रहा। ऊना जिले में न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया गया।

## वह भी अकेले रह जाएंगे; खुद को जादूगर कहने वाले अरविंद केजरीवाल पर बिधूड़ी का बड़ा तंज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ जहां दिल्ली में ठंड में लगातार पारा गिर रहा है वहीं, दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राष्ट्रीय राजधानी का राजनीतक पारा तेजी से चढ़ रहा है। वादे, घोषणाएं, आरोप-प्रत्यारोप और और एक-दूसरे की टांग खिंचाई का सिलसिला जोरों पर है। कड़ाके की ठंड के बीच राजनीतिक बयानों की बरसात हो रही है। अपने बयानों को लेकर चर्चा में आए पूर्व सांसद और कालकाजी सीट से बीजेपी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने अब आप सुप्रीमो पर तंज कसा है। बिधूड़ी ने अरविंद केजरीवाल को एक ऐसा जादूगर बताया है जिसकी जादूगरी देखने के बाद लोग चले जाते हैं और वह अकेला खड़ा रह जाता है। दरअसल, दिल्ली में महिला सम्मान योजना की घोषणा करते वक्त पैसे के सवाल पर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वह हिसाब-किताब के जादूगर हैं। रमेश बिधूड़ी ने अपने एक्स हैंडल पर केजरीवाल के इस भाषण का वीडियो शेयर करते हुए कहा कि जादूगर केवल जादूगरी दिखाता है, करके कुछ भी नहीं दिखाता है। रमेश बिधूड़ी ने कहा कि जादूगर 500 के नोट को 1000 का बनाकर दिखाता है, लेकिन बनाकर किसी को नहीं देता है। जादूगर जादूगरी करके बच्चे को हाथ साफ करके दिखा देगा, बाद में हाथ जोड़ने का काम, यह जादूगर ही कर सकता है। लेकिन जादूगर देता किसी को कुछ भी नहीं है। बिधूड़ी ने कहा कि जब पटरी या रोड पर बैठकर जादूगर अपनी जादूगरी दिखाता है तो बहुत सारे लोग आते हैं। उसकी जादूगरी देखते हैं और फिर एकदम चले जाते हैं। जब उसका सीन खत्म होता है तो जादूगर अकेला खड़ा रह जाता है। यही हाल केजरीवाल का होगा।

## दिल्ली में डेयरी संचालक की हत्या में गैस कंपनी का मैनेजर अरेस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने बवाना में डेयरी कारोबार से जुड़े शख्स की हत्या का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने डेयरी संचालक की हत्या के आरोप में बुधवार को अभिषेक नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिषेक आईजीएल कंपनी में बतौर मैनेजर के पद पर कार्यरत था।

पुलिस इस मामले में फरार मुख्य आरोपी योगेश की तलाशमें छापेमारी कर रही है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि अपशब्द कहने पर हत्या की गई थी। डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया कि बवाना निवासी 30 वर्षीय नरेंद्र डेयरी कारोबार से जुड़ा हुआ था। पुलिस को सूचना मिली कि बदमाशों ने नरेंद्र की रविवार रात को गोली मार दी है। घायल युवक को पहले महर्षि वाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर एलएनजेपी अस्पताल भेज दिया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डीसीपी ने बताया कि एसआई कमलेश मौके पर पहुंचे और कारतूस के तीन खाली खोखे बरामद हुए। पुलिस ने हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया और एसीपी बवाना विवेक भगत की देखरेख में टीम गठित की गई। हेडकांस्टेल अमित कुमार, मनीष और कांस्टेबल बंटी की टीम ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली और टेक्निकल सर्विलांस से अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया।

# बुराड़ी में 12000 तो नरेला में 8000; दिल्ली में बढ़े वोटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की सियासी फिजा में ग्रामीण इलाकों के साथ ही कच्ची कॉलोनियां महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इस बार चुनाव आयोग के आंकड़े ने इनकी अहमियत और बढ़ा दी है। आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण इलाकों और कच्ची कॉलोनियों में इस बार सबसे ज्यादा मतदाता बढ़े हैं। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के मुताबिक नरेला, बवाना, बादली, बदरपुर, बुराड़ी, नांगलोई जट, मुंडका, रिठाला, छतरपुर समेत 15 से ज्यादा इलाके ऐसे हैं जहां ड्राफ्ट मतदाता सूची और अंतिम सूची के बीच की अवधि में मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। इस अवधि में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में 12 हजार से ज्यादा जबकि अन्य में पांच से आठ हजार तक मतदाता बढ़ गए हैं। इसके विपरीत शहरी आबादी वाले क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में कम बढ़ोतरी हुई है।

**अक्टूबर में ड्राफ्ट सूची जारी हुई थी :** निर्वाचन आयोग की ओर से 29 अक्तूबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की गई थी। इस सूची में विधानसभा वार मतदाताओं का डाटा जारी किया गया था। इसके बाद तकरीबन डेढ़ महीने तक चले विशेष पुनरीक्षण अभियान में लोगों से आपत्तियां-दावे मांगने के साथ-साथ छूटे मतदाताओं को सूची में नाम शामिल कराने का मौका भी दिया गया। ड्राफ्ट मतदाता सूची के बाद तकरीबन 4.8 लाख लोगों ने नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किए।

**फर्जी आवेदन करने पर निर्वाचन आयोग ने की कार्रवाई :** विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान लोगों ने फर्जीवाड़ा करके भी मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का प्रयास किया है। निर्वाचन आयोग की ओर से आवेदकों की ओर से



लगाए गए दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तो फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। लोगों ने खुद को दिल्ली का निवासी साबित करने के लिए फर्जी आधार कार्ड और बिजली बिल फार्म के साथ जमा किए हुए थे। आयोग की ओर से 24 लोगों पर आठ अलग-अलग थानों में एफआईआर भी दर्ज कराई गई। बुजुर्गों को दी जाएगी सुविधा इस बार भी अन्य बार की तरह चुनाव आयोग ने बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए घर से ही मतदान की सुविधा दी है। इसके तहत 85 साल से ज्यादा आयु वाले बुजुर्गा और 40 फीसदी से ज्यादा दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए निर्वाचन आयोग की ओर से सरकारी कर्मचारियों को ऐसे लोगों के घरों पर भेजा जाएगा और ऐसे मतदाताओं से 12डी फार्म भरवाकर पंजीकरण कराया जाएगा। इनके बाद इनसे घर जाकर मतदान कराया जाएगा।

**अभी भी कर सकते हैं पंजीकरण :** अभी तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करा पाए पात्र लोगों के लिए मतदाता बनने का मौका अभी भी है। नामांकन के अंतिम दिन यानी 17 जनवरी तक फार्म-6 भरकर या ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण करा सकेंगे। आवेदन की जांच करके निर्वाचन आयोग उनका निस्तारण करेगा और आवेदकों की पूरक मतदाता सूची तैयार की जाएगी।

## दिल्ली चुनाव: कम अंतर से हार-जीत वाली सीटों पर आप की खास नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आम आदमी पार्टी फिलहाल सबसे आगे चल रही है। चुनाव से पहले सरकार विरोधी लहर खत्म करने के लिए पार्टी ने अपनी प्रमुख घोषणाओं के साथ सभी 70 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। आप की नजर कम अंतर से हार-जीत वाली सीटों पर सबसे ज्यादा है। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में पांच हजार के कम अंतर हार-जीत वाली 11 सीटों पर पार्टी की इस बार खास नजर है। यही वजह है टिकट बंटवारे को लेकर इन सीटों पर बड़े फेरबदल देखने को मिले हैं। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में कुल 11 सीटें ऐसी थी, जिनमें पार्टी पांच हजार के कम अंतर से चुनाव जीती या फिर हार गई, मगर वर्ष 2025 के चुनाव में इन सीटों पर फिर मजबूती के साथ जीत हासिल करने के लिए छह उम्मीदवारों के चेहरे ही बदल दिए। आम आदमी पार्टी इस चुनाव में रणनीति के तहत काम कर रही है।



**फिर भरोसा जताया :** आम आदमी पार्टी ने जीत वाली सीट पर बड़ी संख्या में टिकट काटे हैं, लेकिन बेहद कम अंतर से हारने वाले लोगों पर फिर भरोसा जताते हुए दोबारा मौका दिया है। इनमें विश्वास नगर सीट है, जहां से दीपक सिंगला 854 वोट से हारे थे। पार्टी ने उन्हें टिकट दिया है। इसी तरह बदरपुर में राम सिंह नेताजी को दोबारा टिकट दिया है। आप के वरिष्ठ नेता का कहना है कि ये स्थानीय स्तर पर बहुत मजबूत हैं। पार्टी के सर्वे में बेहतर नतीजों के बाद ही इन्हें टिकट दिए गए हैं। पार्टी इस बार चुनाव जीतने के लिए सभी कड़े फैसले ले रही है। लगातार सत्ता में रहने के बाद सरकार विरोधी लहर को खत्म करने के लिए आप ने मौजूदा 20 विधायकों को बदलकर नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा है। इसके साथ दो बड़े चेहरों मनीष सिसोदिया और राखी बिड़लान की सीट बदल दी है, जबकि यह दोनों ही लगातार अपनी परंपरागत सीट पर तीन बार से चुनाव जीत रहे थे। आप का कहना है कि यह सब कुछ रणनीति के तहत किया जा रहा है।

## दिल्ली चुनाव में काले धन का इस्तेमाल रोकने कंट्रोल रूम स्थापित

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में काले धन के इस्तेमाल और उसकी आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए आयकर विभाग ने एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी किया, जिसमें उसने बताया कि आयकर विभाग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को साफ-सुथरा और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए टोल फ्री नंबर के साथ 24 घंटे और सातों दिन काम करने वाले नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिसकी मदद से बेहिसाब नकदी, सोना और अन्य कीमती सामानों की आवाजाही पर निगरानी रखी जाएगी और सूचना मिलने पर कार्रवाई भी की जाएगी। आयकर विभाग के इस कदम का मकसद चुनावों में काले धन की भूमिका पर अंकुश लगाने में चुनाव आयोग (ईसी) की सहायता करना भी है। इसके लिए अन्य उपायों के अलावा आयकर निदेशालय (जांच) दिल्ली ने सिविक सेंटर, नई दिल्ली में 24ङ्क7 नियंत्रण कक्ष खोला है, और एक टोल-फ्री नंबर भी जारी किया है। इस टोल-फ्री नंबर पर कोई भी व्यक्ति दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2025 के संबंध में दिल्ली के एनसीटी के भीतर नकदी, बुलियन, कीमती धातुओं आदि की संदिग्ध आवाजाही या वितरण के बारे में



विभाग से संपर्क कर सकता है और कोई भी जानकारी दे सकता है। इसमें कहा गया है, सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।÷ विभाग का कहना है कि कोई भी नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकता है। सबसे खास बात यह है कि नियंत्रण कक्ष में कॉल करने वालों को खुद से जुड़ा कोई भी व्यक्तिगत विवरण, जैसे नाम या पहचान का कोई अन्य जानकारी बताने की जरूरत नहीं होगी। दिल्ली में आदर्श आचार संहिता की पूरी अवधि के दौरान, यानी दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2025 की घोषणा की तारीख से लेकर उसके खत्म होने तक नियंत्रण कक्ष काम करेगा।

# अभी और ठिठुरेगा दिल्ली-एनसीआर, वीकेंड पर बदल जाएगा मौसम; घने कोहरे का ऑरेंज-येलो अलर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर कंपकंपाने वाली ठंड का सितम जारी है। बुधवार को धूप निकली जिसने लोगों को हल्की राहत दी। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से दिल्ली का न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। घना कोहरा भी छाया रहा। एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस था। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अनुमान लगाया है कि यह गिरावट फिलहाल जारी रहेगी और शुक्रवार तक न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। विभाग के अनुसार, एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम इसी हफ्ते करवट लेगा।

**घने कोहरे का अलर्ट :** मौसम विभाग ने आज और कल दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम तापमान 05 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इससे ठंड और बढ़ेगी। वहीं, हवा की गति दो से छह किलोमीटर प्रति घंटे तक रहेगी, जिससे घना कोहरा देखने को मिल सकता है। विभाग ने गुरुवार के लिए ऑरेंज और शुक्रवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी के अलावा हरियाणा, यूपी, बिहार और झारखंड में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी के ज्यादातर इलाकों



में बुधवार की सुबह घना कोहरा देखने को मिला। खासतौर पर पालम मौसम केन्द्र में सुबह साढ़े पांच से छह बजे के बीच दृश्यता का स्तर शून्य तक पहुंच गया।

**दिन में ठंड का अहसास :** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट पर सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 324 ('बहुत खराब') रिकॉर्ड किया गया। इसी बीच स्काईमेट के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि लगातार ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जो दिन में भी ठंडक का एहसास करवा रही हैं। उन्होंने कहा, धूप के साथ भी, ये हवाएं ठंड को बढ़ाएंगी और अधिकतम तापमान को कम रखेंगी। न्यूनतम तापमान में भी तेजी से गिरावट आएगी। शनिवार से एक बार फिर तापमान में इजाफा हो सकता है क्योंकि एक नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है।

**वीकेंड पर बदलेगा मौसम :** पलावत ने कहा, वीकेंड में हवाएं एक बार फिर धीमी हो जाएंगी, लेकिन दिल्ली-एनसीआर समेत मैदानी इलाकों में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की उम्मीद है, लेकिन अधिकतम तापमान कम रहेगा। वहीं आईएमडी पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार को आसमान पर बादल छाए रह सकते हैं। शुक्रवार को बादलों की आवाजाही रहेगी। शनिवार को आसमान साफ रहेगा। रविवार को पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम बदलेगा और दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश होगी। सोमवार को भी बारिश की उम्मीद है। इसके बाद मंगलवार और बुधवार को आसमान साफ रहेगा।

# मेरा चरित्र हनन किया जा रहा- युजी चहल से तलाक पर धनश्री वर्मा ने दी सफाई



मुंबई (एजेंसी)। पति युजी चहल के साथ मजबूत रिश्तों की आखिरकार मशहूर कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा ने एक बार फिर से गवाही भर दी है। सोशल मीडिया पर जब युजी और धनश्री के बीच दूरियां बढ़ने और बात तलाक तक पहुंचने की बातें आई तो आखिरकार धनश्री ने खुद आगे आकर अपने प्रशंसकों के नाम एक संदेश साझा की है। धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की है जिसमें ट्रोल्र्स को मुंहतोड़ जवाब देने की कोशिश की है। युजी और धनश्री की शादी साल 2020 में हुई थी। इसके बाद लगातार युजी और धनश्री के बीच रिश्तों को लेकर तनाव की खबरें आती रही लेकिन यह हर बार अफवाह मात्र ही साबित होती रही।

एक बार फिर से अपने खिलाफ नाकारात्मक माहौल बनने पर धनश्री के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने सफाई ते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी में लिखा- पिछले कुछ दिन मेरे परिवार और मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से कठिन रहे हैं। जो बात वास्तव में परेशान करने वाली है वह है तथ्य-जांच से रहित आधारहीन लेखन और नफरत फैलाने वाले फेसलेस ट्रोल्स द्वारा मेरे चरित्र का हनन। मैंने अपना नाम और ईमानदारी बनाने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की है। मेरी खामोशी कमजोरी की निशानी नहीं है। नकारात्मकता ऑनलाइन आसानी से फैलती है, दूसरों के उत्थान के लिए साहस और करुणा की आवश्यकता होती है। मैं अपनी सच्चाई पर ध्यान केंद्रित करना और अपने मूल्यों पर कायम रहते हुए आगे बढ़ना चुनती हूं। औचित्य की आवश्यकता के बिना सत्य सीधा खड़ा रहता है। ऊँ नमः शिवाय।

### लव स्टोरी है बेहद रोचक

युजवेंद्र चहल ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी और धनश्री की लवस्टोरी का खुलासा किया था। चहल ने एक वीडियों में बताया कि कैसे उन्होंने डांस क्लास के दौरान धनश्री के साथ दोस्ती की और उस दोस्ती के साथ कैसे प्यार आगे बढ़ा। चहल ने इस वीडियो के दौरान कहा कि मैं बचपन से ही डांस और भांगड़ा सीखना चाहता था। इसलिए मैंने क्लास को ज्वॉइन किया और इस दौरान हम एक दूसरे को जानने लगे। धीरे धीरे हम एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में आए और इसके बारे में परिवार को बताया। मैंने दो महीने की डांस क्लास के बाद अपने घरवालों को बताया कि मैं धनश्री के साथ शादी करना चाहता हूं। इस इंटरव्यू के दौरान जब धनश्री से पूछा गया कि आप उन्हें डांस में कितने नंबर देंगी तो धनश्री ने कहा कि वह अच्छे डांसर हैं और उन्हें मैं 10 में से 7 नंबर दूंगी। क्योंकि वह बेहद ईमानदार हैं और काफी मेहनती भी हैं।

भारत और आयरलैंड के बीच

# 3 मैचों की विमेंस वनडे सीरीज आज से राजकोट में

## भारत और आयरलैंड की प्लेयर्स ने प्रैक्टिस शुरू की ; स्मृति मंधाना करेंगी इंडिया की कप्तानी

राजकोट (एजेंसी)। भारत और आयरलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेली जाएगी। सोमवार को दोनों टीमों की प्लेयर्स राजकोट पहुंचीं। आज से दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने मैदान पर नेट प्रैक्टिस भी शुरू कर दी।




### दोनों टीमों ने 6 घंटे प्रैक्टिस की

मंगलवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक दोनों टीमों ने प्रैक्टिस की। जिसमें दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने वॉर्म-अप, फील्डिंग, कैच और नेट प्रैक्टिस के साथ बैटिंग और बॉलिंग की प्रैक्टिस की। राजकोट में पहली बार ही कोई विमेंस इंटरनेशनल मैच खेला जाएगा। वेस्टइंडीज को वनडे और टी-20 सीरीज में हराया था। अब टीम आयरलैंड के खिलाफ 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। 12 और 15 जनवरी को बाकी 2 मुकाबले खेले जाएंगे।

### हरमनप्रीत कौर को आराम

आयरलैंड के खिलाफ हरमनप्रीत कौर को आराम दिया गया, उनकी जगह स्मृति मंधाना कप्तानी करेंगी। राजकोट एयरपोर्ट पर दोनों टीमों का फूल मालाओं से स्वागत हुआ। प्लेयर्स को किताबें भी गिफ्ट की गईं।

**मंधाना को मिल सकता है प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड -** भारत की ओपनिंग बैटर स्मृति मंधाना ने दिसंबर में 9 मैच खेले और 463 रन बना दिए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शतक भी लगाया। उन्होंने फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 5 मैचों में 50+ स्कोर बनाए। उन्होंने वनडे में 270 और टी-20 में 193 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द दिसंबर मंथ के लिए ढ्ढष्टष्ट ने नॉमिनेट किया। वह अवॉर्ड जीतने की रेस में टॉप पर भी हैं।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम टीम

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उप कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्ज, उमा छेत्री, ऋचा घोष, तेजल हसबनीस, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, राघवी बिष्ट, तितास साधु, साइमा ठाकोर और सयाली सातघरे।

### आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम टीम

गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, अलाना डाल्ज़ेल, लौरा डेलानी, जॉर्जीना डेम्प्सी, सारा फोर्ब्स, अर्लीन केली, जोआना लॉफ्रान, एमी मगुरी, लेह पॉल, ओर्ला प्रेंडरगास्ट, उना रेमंड-होय, फ्रेया सार्जेंट और रेबेका स्टोकेलो।

# मनोविज्ञान की छात्रा होने से क्रिकेट में काफी मदद मिली : प्रतीका रावल

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की युवा क्रिकेटर प्रतीका रावल ने कहा कि मनोविज्ञान की छात्रा होने से उन्हें सीनियर महिला टीम में अपनी जगह पक्की करने में मदद मिली क्योंकि उन्हें मानसिक पहलू के महत्व के बारे में पता था। प्रतीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में हुई महिला वनडे श्रृंखला में शानदार पदार्पण करके स्मृति मंधाना के साथ पारी की शुरूआत के लिये अपना दावा पक्का किया है। प्रतीका ने पहले दो मैचों में 40 और 76 रन बनाए। 24 वर्ष की प्रतीका ने कहा कि मनोविज्ञान में उनकी गहरी रूचि और क्रिकेट के लिये प्यार ने भारतीय टीम तक उनका सफर आसान किया।




उन्होंने बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए वीडियो 'प्रतीका रावल = मनोविज्ञान का क्रिकेट से मिलन' में कहा, 'मैं इंसानी दिमाग के बारे में पढ़ना चाहती थी। जब मैंने पढ़ना शुरू किया तो मैं जानना चाहती थी कि हम मैदान पर और उससे बाहर हालात का सामना कैसे करते हैं। इससे मुझे क्रिकेट में भी काफी मदद मिली। दिल्ली की इस क्रिकेटर ने कहा, 'जब मैं मैच से पहले मैदान पर होती हूं तो खुद से काफी सकारात्मक बातें करती हूं। मैं अभी क्या करना चाहती हूं और भविष्य में क्या करूंगी। बल्लेबाजी के दौरान भी मैं खुद से कहती हूं कि तुम बेस्ट हो और यह कर सकती हो। आयरलैंड के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह बरकरार रखने वाली रावल ने कहा, 'मैं मॉडर्न स्कूल बाराखम्बा में पढ़ती थी। मेरे परिवार का जोर शिक्षा पर हमेशा रहा हालांकि क्रिकेट के लिये अपने प्यार और जुनून से मुझे इनकार नहीं है। मैं हमेशा से क्रिकेट ही खेलना चाहती थी।

# पाकिस्तान ने ट्राई-सीरीज के वेन्यू बदले



करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के साथ होने वाली ट्राई सीरीज के वेन्यू बदल दिए हैं। 4 मैचों की सीरीज पहले मुल्तान में होने वाली थी, लेकिन अब मुकाबले लाहौर और कराची में खेले जाएंगे। इन्हीं 2 वेन्यू पर चैंपियंस ट्रॉफी के 7 मैच भी होने हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पीसीबी ने दोनों ही स्टेडियम का रिनोवेशन करवाया था। ट्राई-सीरीज 8 फरवरी से शुरू होगी। पीसीबी ने बयान दिया, ट्राई सीरीज के साथ ही हमने तय कर दिया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दोनों वेन्यू तैयार हैं। टूर्नामेंट का तीसरा वेन्यू रावलपिंडी है।

पीसीबी ने स्टेटमेंट रिलीज करते हुए कहा, लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम का रिनोवेशन वर्क लगभग पूरा होने वाला है। इसीलिए बोर्ड ने दोनों वेन्यू को वनडे ट्राई सीरीज की मेजबानी दे दी। इससे पहले न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच होने वाली सीरीज मुल्तान में होने वाली थी।

पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए लाहौर, कराची और रावलपिंडी के स्टेडियम का रिनोवेशन पिछले साल ही शुरू कर दिया था। रिनोवेशन के कारण ही यहां टीम के 7 घरेलू टेस्ट भी नहीं हो सके। कराची में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट होना था, लेकिन उसे मुल्तान में कराया गया। मुल्तान में ही जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट भी खेले जाएंगे। पाकिस्तान 29 साल बाद आईसीसी इवेंट की होस्टिंग करने जा रहा है। इससे पहले 1996 में देश को वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली थी।

# मार्टिन गप्टिल ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

## वनडे वर्ल्ड कप का हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोर बना चुके; न्यूजीलैंड के टॉप टी-20 स्कोरर




आकलेंड (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के ओपनर बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने बुधवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वह वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर बनाने वाले बैटर हैं। गप्टिल ने 2015 के वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 237 रन की पारी खेली थी।

गप्टिल ने टी-20 इंटरनेशनल में कीवियों के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वह अभी सुपर स्मैश टूर्नामेंट में ऑकलैंड एसेस की कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट को दिए गए इंटरव्यू में कहा, 14 साल तक ब्लैककैप्स के लिए खेलना सबसे बड़ा सम्मान था।

### न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरा सपना था

गप्टिल ने कहा, बचपन से ही न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरा सपना था। मैं अपने देश के लिए 367 मैच खेलकर भाग्यशाली महसूस करता हूं। मैं अपने सभी टीम-साथियों और कोचिंग स्टाफ को धन्यवाद देना चाहता हूं। विशेष रूप से मार्क ओ डोनेल को, जिन्होंने अंडर-19 स्टेज पर मुझे ट्रेनिंग दी थी।

### 14 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेला

38 वर्षीय गप्टिल ने न्यूजीलैंड के लिए 14 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेला। 2009 से 2022 तक मार्टिन गप्टिल ने न्यूजीलैंड के लिए 367 मैच खेले, इस दौरान उन्होंने 23 शतक भी लगाए। गप्टिल ने अपना इंटरनेशनल डेब्यू 2009 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। ??

टी-20 में कीवियों के बेस्ट बल्लेबाज गप्टिल ने 122 टी-20 में 3531 रन बनाए। वनडे में मार्टिन ने 198 मैचों में 7346 रन बनाए हैं। वह वनडे में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे रॉस टेलर और स्टीफन फ्लेमिंग हैं।

# आईसीसी ने सिडनी पिच को संतोषजनक रेटिंग दी



दुबई (एजेंसी)। आईसीसी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए इस्तेमाल की गई सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (स्ष्टत्र) की पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग दी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला सिडनी में खेला गया था। इसमें भारत को 6 विकेट से हार मिली थी। बीजीटी के बाकी चार वेन्यू पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम, एडिलेड ओवल, ब्रिस्बेन के द गाबा और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमजीसी) को 'बहुत अच्छी' रेटिंग मिली है। सिडनी टेस्ट तीसरे दिन टी-ब्रेक से पहले यानी ढाई दिन में ही खत्म हो गया था। इसमें पहले दिन 11, दूसरे दिन 15 और तीसरे दिन 8 विकेट गिरे थे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कॉमेंट्री के दौरान सिडनी की पिच की कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि अगर भारत में मैच 3 दिन में खत्म हो जाता है तो बहुत बवाल देखने को मिलता है।

उन्होंने मैच के बाद कहा, यह आइडियल टेस्ट मैच पिच नहीं है, जैसा आप चाहते हैं, क्योंकि आप चाहते हैं कि मैच चौथे और पांचवें दिन तक चले। अगर भारत में (एक दिन में) 15 विकेट गिरते, तो इस पर खूब ड्रामा होता।आईसीसी ने अपनी पिच रेटिंग सिस्टम को चार कैटेगरी में बांट रखा है। इसमें बहुत अच्छा, संतोषजनक, अंसतोषजनक और अनफिट शामिल है। आईसीसी की 'पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रोसेस' के तहत सभी मैचों के दौरान पिच और आउटफील्ड पर नजरें रहती हैं। मैच रेफरी जिस पिच और आउटफील्ड को असंतोषजनक मानता है, आईसीसी उसे एक डिमेरिट पॉइंट देता है। यदि कोई वेन्यू 5 साल के अंदर 6 या उससे ज्यादा डिमेरिट पॉइंट्स हासिल करता है, तो उसे 12 महीने के लिए बैन कर दिया जाता है। यानी उस वेन्यू पर एक साल तक कोई इंटरनेशनल मैच नहीं होता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित की, स्मिथ को मिली कप्तानी



सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ 29 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की है। दाएं हाथ के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को राष्ट्रीय टीम का अंतरिम कप्तान नियुक्त किया गया है। स्मिथ पैट कमिंस की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई करेंगे जो पितृत्व अवकाश पर हैं और हाल ही में घरेलू गर्मियों के दौरान टखने की थोड़ी समस्या से जूझ रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप कप्तान कूपर कोनोली को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि साथी युवा खिलाड़ी नाथन मैकस्वीनी को हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में मेलबर्न और सिडनी टेस्ट में नहीं खेलने के बावजूद वापस बुलाया गया है। स्पिनर मैट कुहनेमैन और टॉड मर्फी भी वापसी कर रहे हैं, हालांकि टीम को जोश हेजलवुड की पिंडली की चोट और मिशेल मार्श की कमी खलेगी, क्योंकि यह जोड़ी आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

ग्लेन मैक्सवेल, एडम जाम्पा और पीटर हैंड्सकॉम्ब जैसे खिलाड़ियों को दौरे के लिए संभावित यात्रियों के रूप में चुना गया था, लेकिन उन्हें टीम में नहीं चुना गया। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि श्रीलंका में खेलने की अनूठी चुनौतियां नए खिलाड़ियों को अपने देश के लिए लाल गेंद से खेलने का मौका देती हैं। आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार जॉर्ज बेली ने कहा, %श्रीलंका दौरे के लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक जगह है, क्योंकि यहां खिलाड़ियों को अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यह टीम प्रत्येक मैच में किस तरह के विकेट का सामना कर सकती है, इसके आधार पर इलेवन को तैयार करने के कई तरीके प्रदान करती है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, हम उन टीम के सदस्यों के लिए आगे के अवसर को लेकर उत्साहित हैं, जो अपने टेस्ट करियर की शुरुआत में हैं और उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अपने खेल को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे, जहां आने वाले वर्षों में हमारे पास कई महत्वपूर्ण दौरे हैं। सीरीज के दोनों मैच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-2025 चक्र का हिस्सा हैं, हालांकि ऑस्ट्रेलिया (संभावित अंकों का 63.73त्र) और दक्षिण अफ्रीका (संभावित अंकों का 69.44त्र) पहले की फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और 11 जून से लॉर्ड्स खिताब के लिए भिड़ेंगे।

श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज
29 जनवरी से 2 फरवरी - गॉल।
6 फरवरी से 10 फरवरी - गॉल।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड (उपकप्तान), जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोन्स्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# जसप्रीत बुमराह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं, वे भारत के अगले कप्तान होंगे: सुनील गावस्कर

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि हाल ही में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह भारतीय टेस्ट टीम के अगले कप्तान क्यों हो सकते हैं। बुमराह ने गेंद से आगे बढ़कर नेतृत्व किया, पांच मैचों की श्रृंखला में 32 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता।



इसके अलावा बुमराह की कप्तानी की व्यापक प्रशंसा हुई, जब उन्होंने पर्थ में स्टैंड-इन कप्तान के रूप में भारत को श्रृंखला की एकमात्र जीत दिलाई। रोहित शर्मा के हटने के बाद उन्हें अंतिम टेस्ट में फिर से कप्तानी सौंपी गई, लेकिन पीठ की चोट के कारण वे तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए। कई लोगों ने बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम के भावी कप्तान के रूप में समर्थन दिया है और सुनील गावस्कर ने भी पीछे नहीं हैं।

भारतीय दिग्गज ने कहा कि तेज गेंदबाज में एक नेता की छवि है, लेकिन वह ऐसा व्यक्ति नहीं है जो अपने साथियों पर दबाव डाल सके। उन्होंने कहा, वह अगला खिलाड़ी हो सकता है। मुझे लगता है कि वह अगला खिलाड़ी होगा। क्योंकि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करता है। उसके अंदर एक बहुत अच्छी छवि है। एक नेता की छवि। लेकिन वह ऐसा व्यक्ति नहीं है जो आप पर दबाव डालने वाला हो। कभी-कभी आपके पास ऐसे कप्तान होते हैं जो आप पर बहुत दबाव डालते हैं।

गावस्कर ने आगे कहा कि बुमराह खिलाड़ियों से अपना काम करने की उम्मीद करते हैं और उन पर अतिरिक्त दबाव नहीं डालते। भारतीय दिग्गज ने यह भी बताया कि कैसे तेज गेंदबाज मिड-ऑफ और मिड-ऑन पर खुद को रखकर और लगातार उनका मार्गदर्शन करके बाकी तेज गेंदबाजों की मदद कर रहा था।

गावस्कर ने कहा, बुमराह के मामले में आप देख सकते हैं कि वह दूसरों से यही उम्मीद करते हैं कि वे वही करें जो उनका काम है और जिसके लिए वे राष्ट्रीय टीम में हैं। लेकिन वह किसी पर दबाव नहीं डालते। तेज गेंदबाजों के मामले में वह बिल्कुल शानदार रहे हैं।

मिड-ऑफ, मिड-ऑन पर खड़े रहे। हर बार वह उन्हें बताने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए मौजूद थे। मुझे लगता है कि वह बिल्कुल शानदार थे और अगर वह जल्द ही कमान संभाल लेते हैं तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा। बुमराह जून में इंग्लैंड दौरे के दौरान टेस्ट मैचों में अगली बार एक्शन में दिखाई देंगे।

# पुलिस द्वारा लूट की घटना कारित करने वाले दो नकाबपोश हमलावरो को 02 अवैध पिस्टल एवं 07 जिन्दा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार

## आरोपियों द्वारा अमानगंज एवं सिमरिया थाना क्षेत्र में लूट की वारदात करने एवं विरोध करने पर की गई थी फायरिंग

### दोनो आरोपी मैहर जिला में लूट एवं अपहरण करने के मामले में चल रहे थे फरार

**पन्ना।** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर श्री प्रमोद कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर श्री ललित शाक्यवार व पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई और गुनौर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज व पुलिस सायबर सेल टीम की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्र में लूट, चोरी एवं ग्राम बम्होरी थाना सिमरिया में फरियादी के घर में घुसकर एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर लूट करने वाले दोनो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है ।

दिनांक 07/01/25 को फरियादी पवन पटेल पिता रूपलाल पटेल द्वारा चौकी हरदुआ थाना सिमरिया में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 06-07 जनवरी की दरम्यानी रात को खाना पीना करके सो रहे थे तभी रात में अचानक गोली की आवाज एवं पिता रूपलाल के चिल्लाने की आवाज सुनकर जगा तो देखा दो व्यक्ति चेहरे पर मास्क लगाये हाथ में कट्टा लिये खड़े थे पिताजी के हाथ में गोली लगने से खून निकल रहा था ।उसी समय उन लोगो ने मुझे कट्टा दिखाकर घर में रखे नगदी एवं सोने चाँदी के आभूषणो के बारे में पूँछकर घर में रखे नगदी एवं कीमती जेवरात लूट कर ले गये हैं । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिमरिया में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 13/25 धारा 309(6), 311, 331(8), 332 (ड्ड) बी एन एस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

एक अन्य मामले में दिनांक 26/12/24 को अमानगंज थाना क्षेत्र में फरियादी जीतेन्द्र कुशवाहा पिता बद्री कुशवाहा द्वारा रिपोर्ट की गई कि आज दोपहर के समय खेत की रखवाली करते समय 02 व्यक्ति आये जो मुझसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल माँगने लगे जब मैने उन्हे मोटरसाइकिल देने से मना किया उन लोगो ने मेरे साथ मारपीट की एवं कट्टा निकालकर हवाई फायरिंग करने लगे जिसकी वजह से मैं डरकर भाग गया इसके बाद दोनो लोग मेरी मोटर साइकिल लूट कर ले गये हैं । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में आरोपियों के विरूद्ध लूट एवं हवाई फायरिंग करने का अपराध क्रमांक 683/24 कायम



किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में उपरोक्त दोनो मामलो को पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा गंभीरता से लिया गया । मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया । गठित पुलिस टीमो की सहायतार्थ पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को कार्यवाही में शामिल किया गया । मामले में गठित पुलिस टीमो द्वारा अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी एवं लूटे गये माल मशरूका की बरामदगी हेतु लगातार प्रयास किये गये । पुलिस टीमो द्वारा घटना स्थल के आसपास के आने जाने वाले मार्गो में लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरो के फुटेज चेक किये गये साथ ही आसपास रहने वाले लोगो से घटना दिनांक को आने जाने वाले व्यक्तियों के संबंध में जानकारी ली गई । पुलिस टीम द्वारा मामले में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 08/01/25 को तारा टेक के पास मैदान में घेराबंदी करके मामले में 02 संदेही व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई । जिनके द्वारा अपने अपने नाम व पता बताये गये पुलिस टीम द्वारा संदेहियों की तलाशी लिये जाने पर उनके कब्जे से 02 देशी पिस्टल एवं 07 जिन्दा कारूतस पाये गये । पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा थाना अमानगंज में फरियादी के साथ की गई लूट, थाना सिमरिया क्षेत्र में ग्राम बम्होरी में हुई लूट व फायरिंग एवं थाना कोतवाली पन्ना की बराछ चौकी क्षेत्रान्तर्गत की गई चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 02 पिस्टल, 07 जिन्दा कारतूस, लूटी गई मोटरसाइकिल, सोने चाँदी के जेवरात, नगदी रूपये, 04 मोबाइल जप्त किये जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । मामले में आरोपियों से अन्य जिलो के मामलो का खुलासा होने की प्रबल संभावना है । मामले में विवेचना जारी है । गिरफ्तार आरोपी में मनोज पिता रामसेवक कुशवाहा उम्र 33 वर्ष निवासी सकतपुरा थाना अमानगंज। सोनू उर्फ रावेंद्र पिता हलकाई कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी इटवा मड़ैय्यन थाना कोतवाली।

जप्त मशरूका में पुलिस टीम द्वारा आरोपियो के कब्जे से 02 देशी पिस्टल 07 जिंदा कारतूस कीमती करीब 52 हजार रूपये एवं लूटी गई मोटरसाइकिल हीरो एच एफ डीलक्स कीमती करीब 60 हजार रूपये, सोने चाँदी के जेवरात कीमती करीब 01 लाख रूपये एवं 04 मोबाइल (2 एन्ड्रायड और 02 की-पैड) कीमती करीब 20 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 2 लाख 32 हजार रूपये का मशरुका जप्त किया गया है ।

गिरफ्तार आरोपियों से अपराधों का खुलासे में थाना अमानगंज का अपराध क्रमांक 683/24 धारा 115(2), 309(4), 125 बी एन एस 25/27 आर्म्स एक्ट। थाना सिमरिया का अपराध क्र 13/25 धारा 309(6).311.331(8).332(ख ) बी एन एस। थाना कोतवाली पन्ना का अपराध क्र 21/25 धारा 331(4) 305बी एन एस। थाना अमरपाटन जिला मैहर का अपराध क्र 604/24 धारा 140(3), 309 (6) बी एन एस।

सराहनीय योगदान में उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, प्र.आर. मुकेश सोनी ,राजीव मिश्रा, शिवम शर्मा , रामभगत पांडे, मेहरबान सिंह, विश्वास शुक्ला , सतीश, तुलसी, नीतू, द्वारका, गिरधारी एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से प्र.आर. राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह राजावत, आर. राहुल पाण्डेय, नितिन नवराज का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को 30 हजार रूपए के नगद पुरूष्कार से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# जिपं सीईओ ने कार्यों में अनियमितता पर ग्राम रोजगार सहायक की संविदा सेवा समाप्त की

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा कार्यों में अनियमितता एवं लापरवाही पर पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गिरवारा के रोजगार सहायक प्रमोद तिवारी की संविदा सेवा समाप्त करने की कार्यवाही की गई है। रोजगार सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य कार्यों में अपने भाई एवं भाई की पत्नी के जॉब कार्ड बनाकर मजदूरी राशि 13 हजार 945 रूपए का नियम विरूद्ध तरीके से भुगतान किया गया। इस संबंध में कराई गई जांच में पाया गया कि रोजगार सहायक द्वारा जानबूझकर अपने सगे संबंधियों मां, भाई एवं भाभी को वित्तीय लाभ पहुंचाने के लिए कार्य स्वीकृत कराया गया। इसके अलावा बीएलओ के पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं पद का दुरूपयोग कर मतदाता सूची में फर्जी नाम भी जोड़े गए। फर्जी जियो टैग कर दो आवास हितग्राहियों को 2 लाख 40 हजार रूपए का लाभ पहुंचाया गया, जबकि मौके पर आवास के सत्यापन पर आवास निर्मित नहीं पाया गया। इन दोनों आवासों की मजदूरी राशि 36 हजार 652 रूपए का भुगतान भी अन्य व्यक्तियों को किया गया था। सीईओ द्वारा जारी आदेश में रोजगार सहायक से कुल राशि 2 लाख 90 हजार 597 रूपए की वसूली के लिए भी आदेशित किया गया है।

# पशुओं एवं गौवंश की सुरक्षा तैयारियों के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी द्वारा समस्त विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं नोडल अधिकारी गौशाला को जिले में शीत ऋतु में शीतलहर के दौरान पशुओं और गौवंश की सुरक्षा के लिए आवश्यक तैयारियों के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में बताया गया है कि गौशालाओं में गौवंश एवं पालतू पशुओं को सर्दी से बचाव के लिए सूखा एवं सुविधाजनक आवास तथा पर्याप्त चारा-भूसा की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सर्दी से बचाव के लिए गौशालाओं में चारों तरफ फट्टे लगवाए जाएं। साथ ही शीतलहर एवं सर्दी से बचाव के लिए पशुओं के वास स्थान को गर्म रखने की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो। इसके अलावा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक उपचार और टीकाकरण भी कराया जाए। सभी नोडल अधिकारियों को अपने क्षेत्र की गौशालाओं में अपना नाम, पद नाम एवं मोबाइल नंबर भी अनिवार्य रूप से अंकित कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को गौशालाओं का सतत भ्रमण कर गौवंश के समुचित रखरखाव के लिए गौशाला संचालकों को जरूरी समझाईश देने तथा पशुपालकों से संवाद कर जारी एडवायजरी के प्रचार-प्रसार एवं मार्गदर्शन व सुझाव की कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# एसबीआई अधिकारी कर्मचारी वर्ग को पोष्टिक में आहार भत्ता योजना तत्काल लागू की जावे : पांडेय



**पन्ना।** म. प्र. राज्य पत्रित अधिकारी संघ के आजीवन सदस्य, जिला प्रवक्ता डॉक्टर एम पी पान्डेय नें जुगल किशोर जी मंदिर मे हमारे मैदानी संवाददाता को बताया कि आम जन की आवश्यकता अनुसार स्टेट बैंक कर्मचारीयों के बीच कार्य का बोझ बढ़ता जा रहा है, परन्तु इन्हे पोष्टिक आहार भत्ता न मिलने के कारण तमाम अधिकारी कर्मचारी वर्ग काफी परेशानी झेल रहें है। डॉक्टर पान्डेय नें विभिन्न संस्थाओं का प्रथक प्रथक अध्ययन करने के बाद मीडिया को बताया कि बेतनमान, ग्रेड पे, मंहगाई भत्ता, एक दम सीमित होने के साथ ही कर्मचारी अधिकारी वर्ग हर मौसम में थकें हुए दिखाई देते है, ऐसी स्थिती मे स्टेट बैंक कर्मचारीयों को आगामी नये वित्तीय वर्ष में प्रति दिवस के हिसाब से अतिरिक्त जोड़कर भत्ता दिया जाये।

# 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

## कॉलेजों में होगी निबंध प्रतियोगिताएं

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन आगामी 25 जनवरी को किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्तर के विद्यार्थियों की एक निबंध प्रतियोगिता भी होगी। प्रतियोगिता का विषय वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम रहेगा, जिसकी शब्द सीमा एक हजार शब्द रहेगी। चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम में पुरूस्कृत किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य को निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जरूरी निर्देश जारी कर चयनित प्रतिभागियों की सूची 15 जनवरी तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# पवई में महाविद्यालयीन छात्राओं को किया जागरूक

**पन्ना।** वन स्टॉप सेंटर (सखी) पन्ना द्वारा बुधवार को शासकीय महाविद्यालय पवई में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं एवं विधिक व कानूनी प्रावधानों का प्रचार प्रसार किया गया। कॉलेज प्राचार्या ज्योति दरबार के सहयोग से सीडीपीओ डी.सी. अहिरवार, वन स्टॉप सेंटर की



प्रशासक कविता पांडे एवं केस वर्कर शिवानी शर्मा ने जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन और वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी प्रदान की। इस दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए किए जाने वाले कार्यों तथा किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर परामर्श, चिकित्सा, अस्थाई आश्रय, पुलिस एवं विधिक सहायता इत्यादि उपलब्ध कराने के बारे में अवगत कराया गया। हेल्पलाइन नंबर 181 एवं 1098 के बारे में भी आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पवई थाना से प्रधान आरक्षक रामलखन सिंह द्वारा भी जरूरी सहयोग प्रदान किया गया।

# डिजिटल अरेस्ट करने वाले गिरोह के 12 आरोपी भेजे गए जेल, सतना-जबलपुर से गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में किए गए पेश

**सतना।** साइबर फ्रॉड के सबसे बड़े खतरों में से एक डिजिटल अरेस्ट में लिप्त गिरोह के 12 सदस्यों को स्टेट साइबर सेल जबलपुर, रीवा और एसटीएफ भोपाल की 15 अलग-अलग टीमों ने हैदराबाद से लेकर जबलपुर, कटनी, मैहर व सतना में ताबड़तोड़ छापेमारी कर डेढ़ दर्जन लोगों को हिरासत में लिया था, जिनसे पूछताछ के पश्चात 12 आरोपियों की अधिकृत गिरफ्तारी की गई, जबकि अन्य लोगों को छोड़ दिया गया। पकड़े गए दर्जन भर आरोपियों को बुधवार दोपहर जिला न्यायालय जबलपुर में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि 13 दिसंबर को साइबर और उच्च तकनीकी अपराध थाना में बीएनएस की धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 61(2) एवं आईटी एक्ट की धारा 66 सी व 66 डी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था, जिसमें अमित निगम, संदीप चतुर्वेदी, अंजर हुसैन, साजिद खान, शशांक अग्रवाल, अर्सलान, अनुराग कुशवाहा, चंचल विश्वकर्मा, सगीर अख्तर, स्नेहिल गर्ग, अंकित कुशवाहा, अमित कुशवाहा, सुमित शिवानी, मोहम्मद मसूद, अमितेश कुंडे और रितिक श्रीवास को आरोपी बनाया गया था। कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम ने हैदराबाद से साजिद खान, नजीराबाद से सगीर अख्तर उर्फ साहिल, अंजर हुसैन, अरमान, आसिफ को उठाया था, जबकि उमरी से संदीप चतुर्वेदी, तुलसीनगर गौशाला से शशांक गर्ग उर्फ यीशू, अंकित कुशवाहा, सनी कुशवाहा तो पंजाबी मोहल्ला से सुमित शिवानी व ट्विंकल उर्फ स्नेहिल गर्ग को उठाया था। इतना ही नहीं 2 युवतियों को भी हिरासत में लिया था। मंगलवार की देर रात पूछताछ में साक्ष्य नहीं मिलने और एफआईआर में नाम नहीं होने से आसिफ और अरमान को छोड़ दिया गया। हिरासत में लिए गए आरोपियों के घरों से बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर और मोबाइल फोन जब्त किए गए थे। सतना, मैहर, कटनी और जबलपुर समेत अन्य जिलों के आधा सैकड़ा से अधिक बैंक खातों में पिछले कुछ समय से लगातार बड़ी रकम जमा होने के बाद बाहर के देशों में ट्रांसफर होने की जानकारी सामने आने पर एटीएस भोपाल ने जांच प्रारंभ की थी, जिसमें एसटीएफ का सहयोग लिया गया। प्रारंभिक खोजबीन में यह स्पष्ट हो गया कि मामला टेरर फंडिंग का नहीं है, बल्कि डिजिटल अरेस्ट कर लोगों से रकम ऐंठने और साइबर फ्रॉड से संबंधित है, लिहाजा यह केस स्टेट साइबर सेल को सौंप दिया गया। उनके पास पूर्व से भी प्रदेश के कई जिलों में एक गिरोह संचालित होने की शिकायतें आई थीं, जो कि कम पढ़े-लिखे बुजुर्ग और मजदूर वर्ग के लोगों को टारगेट पर लेते थे, पहले अधिकारी बनकर फोन पर धमकी देते थे और फिर डिजिटल अरेस्ट कर पैसों की ठगी करते थे, मगर पर्याप्त बल उपलब्ध न होने के चलते गिरफ्तारी में एसटीएफ की मदद ली गई।

# मामूली विवाद पर युवक से मारपीट, 2 के खिलाफ अपराध दर्ज

सतना

सिंहपुर थाना अंतर्गत चकरा नाला के पास मामूली विवाद पर दो लोगों ने युवक की पिटाई कर दी, जिससे उसका एक हाथ टूट गया। पीड़ित को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो वहीं पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक देवीदयाल पुत्र बृजकिशोर पांडेय 21 वर्ष, निवासी शिवराजपुर, बीते 4 दिसंबर की शाम को बाइक से चकरा नाला की तरफ गया था। तकरीबन 5 बजे आरोपी सुभाष उर्फ भूरा द्विवेदी और सुमित द्विवेदी निवासी शिवराजपुर, अचानक भठिया टोला की तरफ से आए और युवक की बाइक को धक्का देकर गिरा दिया।

इस बात का विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी, जिससे युवक का एक हाथ टूट गया। हल्ला-गुहार सुनकर कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर परिजनों को सूचना दी, तो घर के लोग मौके पर आए और पीड़ित को हॉस्पिटल ले गए, जहां उसका उपचार किया गया। वहीं मारपीट की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

# युवा दिवस पर होगा स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ

**पन्ना।** युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित कर उनकी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देने के लिये स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के विकास में युवाओं की व्यापक क्षमताओं का उपयोग करने के उद्देश्य से डिजाइन किए गए इस मिशन का नामकरण युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद के नाम पर किया गया है। इस वर्ष 2025 में उनकी जयंती 12 जनवरी से राज्य स्तरीय मिशन का शुभारंभ किया जाकर सशक्त युवा नेतृत्व से मध्यप्रदेश के विकास का स्वर्णिम अध्याय रचा जाएगा। युवाओं में शिक्षा, कौशल विकास और सामुदायिक सेवा जैसे प्रमुख नेतृत्व गुणों को विकसित कर उन्हें सक्षम बनाया जाएगा, जिससे वे प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' के केंद्र में 15 से 29 वर्ष के युवाओं को रखा गया है। युवाओं को नेतृत्व सक्षम बनाने के लिये आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करना ही इस मिशन का मुख्य उद्देश्य है। इसकी पूर्ति के लिए युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण देकर नौकरी के लिए तैयार किया जाएगा।

मिशन में युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सुदृढ़ भी बनाया जाएगा, जिससे वे समाज, खेल, संस्कृति, पर्यावरण सुधार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करते हुए अपने लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित करने में समर्थ बन सकें। मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रदेश के 70 प्रतिशत युवाओं की आय मानक कुशल श्रेणी श्रमिक के लिए निर्धारित न्यूनतम दर के समान करना है। इसके लिए वर्ष 2028 तक प्रदेश के शत प्रतिशत युवा को 10वीं एवं 2030 तक 12वीं तक अनिवार्य रूप से शिक्षित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का ध्येय वाक्य, 'संवाद-सामर्थ्य-समृद्धि' के माध्यम से 'आत्म दीपो भव:' है। इस ध्येय वाक्य के प्रकाश में मिशन के लिए प्रमुख स्तंभ संवाद, शिक्षा, क्षमता संवर्धन, उद्यमिता एवं रोजगार, सामाजिक पहल और अनुश्रवण तय किए गए हैं। इस कार्य के लिए हर्ष, हुनर, दक्ष और श्रुति जैसी पहल की जाएगी। युवा केंद्रित पहलों की प्रगति पर निगरानी रखने के लिए एक प्रभावी तंत्र स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम और पहलों को लगातार परिष्कृत करने के लिए डेटा संचालित प्रणाली का उपयोग होगा।

# सीमेंट फैक्ट्री के सिक्योरिटी हेड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सतना।** मैहर नगर के चोपड़ा कॉलोनी में रहने वाले सीमेंट फैक्ट्री के सिक्योरिटी इंचार्ज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी की हालत चिंताजनक बनी हुई है, फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि एमपी बिरला ग्रुप के भरौली सीमेंट प्लांट के सिक्योरिटी एडमिन हेड पौराणिक साहू पुत्र जीवधन लाल साहू 54 वर्ष, अपनी पत्नी अंबिका साहू 50 वर्ष, और पुत्री ज्योति साहू के साथ चोपड़ा कॉलोनी स्थित मकान में निवासरत थे। हमेशा की तरह मंगलवार की रात को खाना खाने के बाद पति-पत्नी कमरे में सोने चले गए, लेकिन बुधवार की सुबह 8 बजे तक दोनों लोग बाहर नहीं आए। तब बेटी ने दरवाजा खटखटाया पर



जवाब नहीं मिला, तो किसी तरह गेट खोलकर कमरे में घुसी, जहां उसके माता-पिता बेहोशी की हालत में पड़े मिले। यह देखकर सकते में आई ज्योति ने परिजन और पड़ोसियों की मदद से दोनों लोगों को फौरन सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने देखते हुए पौराणिक साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद अंबिका को सतना रेफर किया गया, जिन्हें बिरला हॉस्पिटल में लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है।

जब बेटी ने कमरे का दरवाजा खोला तो पौराणिक और अंबिका के मुंह से झाग निकल रहा था और बिस्तर पर ही उल्टी भी पड़ी थी। ऐसे में हॉस्पिटल लाए जाने पर ड्यूटी डॉक्टर ने जहर खाने के संदेह पर त्वरित उपचार शुरू किया, मगर सीमेंट फैक्ट्री के अधिकारी की जान नहीं बचा पाए। घटना की जानकारी लगने पर सीएसपी राजीव पाठक और टीआई अनिमेष द्विवेदी ने पीड़ित दंपति के घर पहुंचकर उनके कमरे का बारीकी से मुआयना किया, जिसमें कमरे के अंदर कोयले से जलने वाली सिगड़ी रखी मिली, तो खिड़कियां भी बंद थीं। ऐसे में सिगड़ी को जब्त किया गया, वहीं पौराणिक साहू के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए बिसरा प्रिजर्व कराया गया है और उल्टी का भी सैंपल लिया गया है, जिसकी जांच फॉरेंसिक लैब में कराई जाएगी। प्रारंभिक परिस्थितियों को देखते हुए बंद कमरे में कोयले की सिगड़ी जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बनने का संदेह जताया गया, जिससे गहरी नींद में सो रहे दंपति को सांस लेने में दिक्कत हुई और दम घुटने से एक को जान गंवानी पड़ी, तो वहीं महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। खून में कार्बन मोनोऑक्साइड होने की संभावना पर ब्लड सैंपल भी प्रिजर्व कराया गया है। भौतिक साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेंसिक टीम की मदद ली जा रही है।

### इनका कहना है

*दंपति कमरे में सिगड़ी जलाकर सोए थे, सुबह परिजनों को बेहोशी की हालत में मिले, जिस पर उन्हें हॉस्पिटल लाया गया, जहां पति की मौत हो गई और पत्नी को गंभीर हालत में सतना रेफर किया गया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए बिसरा प्रिजर्व कराया गया है, वहीं कमरे से भी जरूरी साक्ष्य संकलित किए गए हैं, जिनकी जांच फॉरेंसिक लैब में कराई जाएगी, तभी घटना के कारणों का पता चल पाएगा।*

**राजीव पाठक,**
**सीएसपी मैहर**

मध्यप्रदेश की राजगढ़ की रहने वाली नेशनल साइकलिस्ट और पर्वतारोही आशा मालवीय आज रीवा पहुंची। कमिश्नर बीएस जामोद ने शासकीय ज्ञानोदय कन्या छात्रावास में आशा मालवीय का आत्मीय स्वागत किया।



## उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने मध्यप्रदेश अरबन डेवलपमेंट कंपनी के उपयंत्री अनिवेश श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में लापरवाही व अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा प्राथमिक मछली पालन सहकारी समिति मर्यादित देवरी शिवमंगल सिंह विकासखण्ड मऊगंज के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सहकारी निरीक्षक विकास माठे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## भारत पर्व के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मऊगंज जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के बाद शाम में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने भारत पर्व के आयोजन के लिए एसडीएम मऊगंज बीपी पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। श्री पाण्डेय को शासन के निर्देशों के अनुसार भारत पर्व के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं।

## नगर निगम में आज लोक सेवा केन्द्र में लगेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 10 जनवरी को वार्ड क्रमांक 6 के लिए लोक सेवा केन्द्र भवन में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## इस वर्ष आयोजित होंगी चार नेशनल लोक अदालतें

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लोक अदालतों का आयोजन करके आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। वर्ष 2025 में रीवा और मऊगंज जिले में चार नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को तथा दूसरी लोक अदालत 10 मई को आयोजित की जाएगी। इसी तरह तीसरी लोक अदालत 13 सितम्बर तथा चौथी लोक अदालत 13 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। पक्षकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करके इन लोक अदालतों में आपसी सुलह से प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण करा सकते हैं।

# कमिश्नर ने ज्ञानोदय अनुसूचित जाति छात्रावास का किया निरीक्षण

### अपने कैरियर के लिए अभी से तैयारी करें : कमिश्नर

रीवा



रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने अनुसूचित जाति कन्या ज्ञानोदय छात्रावास का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने छात्रावास की छात्राओं के साथ संवाद करके भोजन, पानी, साफ-सफाई, पठन-पाठन व्यवस्था की जानकारी ली। कमिश्नर ने छात्रावास के किचन, स्टोर, छात्राओं के कक्ष तथा टायलेट का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने टायलेट और बाथरूम की उचित साफ-सफाई के निर्देश दिए। कमिश्नर ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा से ही विकास के सारे मार्ग प्रशस्त होते हैं। अभी आप सबने लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई की तो आपका भविष्य उज्ज्वल बनेगा। आपको जीवन में जो कुछ बनना है उसका लक्ष्य अभी निर्धारित करके उसके अनुरूप तैयारी करें। सच्ची लगन हो तो हर बड़ी सफलता प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होती। कमिश्नर से संवाद करते हुए बेटियों ने अपने कॅरियर के संबंध में चर्चा की। कमिश्नर ने कक्षा 12वीं, 6वीं तथा 10वीं में छात्राओं की दर्ज संख्या की तुलना में कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने कहा कि परीक्षाएं नजदीक हैं इसलिए कोई भी छात्रा अवकाश पर न जाए। परीक्षा से पहले के समय का पूरा उपयोग करते हुए परीक्षाओं की तैयारी करे। निरीक्षण के समय संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, प्रभारी उपायुक्त ट्राईबल श्री पाण्डेय, अधीक्षिका तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कमिश्नर ने उपायुक्त को छात्रावास भवन में सोलर पैनल लगाने तथा छात्राओं के कक्षों में कुर्सी-टेबल की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

## आदर्श ग्राम योजना में 9 गांव शामिल

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग के तहत ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए संचालित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में वर्ष 2023-24 के लिए रीवा जिले के 9 गांव शामिल किए गए हैं। इन गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विकास की निगरानी के लिए प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अभिशरण समिति गठित की गई है। इस 18 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष ग्राम पंचायत के सरपंच को बनाया गया है। समिति में विभिन्न विभागों के मैदानी कर्मचारी शामिल किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि आदर्श ग्राम योजना के तहत विकासखण्ड रीवा में ग्राम गढ़वा, बेलहा तथा कुल्लु एवं विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में ग्राम खुज को शामिल किया गया है। इसी तरह विकासखण्ड सिरमौर में ग्राम हर्दीखुर्द और पथरी, विकासखण्ड त्योंथर में ग्राम कटरा और शंकरपुर तथा विकासखण्ड जवा में ग्राम बराह को शामिल किया गया है।

## डिजिटल अरेस्ट के सदमे में महिला ने किया था सुसाइड, नकली अफसर गिरफ्तार

**रीवा।** साइबर फ्रॉड कर डिजिटल अरेस्ट करने वाले अंतर राज्यीय गिरोह को पुलिस ने किया गिरफ्तार. डिजिटल अरेस्ट होने के बाद साइबर अपराधियों द्वारा दी गई धमकी से प्रताड़ित हुई महिला ने की थी खुदकुशी. साइबर अपराधियों के जाल में फसी महिला द्वारा बिगत दिनों पूर्व खुदकुशी करने के बाद रीवा और मऊगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को हरियाणा और राजस्थान की सीमा से सटे अलवर जिले के निवाड़ी गांव से गिरफ्तार किया है। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए रीवा जोन के प्रभारी आईजी साकेत पांडे ने बताया कि मऊगंज जिले की घूरेहटा निवासी एक शिक्षिका ने साइबर ठगों द्वारा दिए गए प्रलोभन में फंसने के बाद जहर निगल कर खुदकुशी की थी, इस दौरान साइबर अपराधियों ने महिला को इस कदर डिजिटल अरेस्ट कर रखा था कि वह अपराधियों द्वारा दी जाने वाली धमकियों का भी जिक्र किसी से नहीं कर पा रही थी। प्रभारी



आईजी की माने तो अलवर जिला का निवाड़ी गांव भी जामताड़ा के जैसे साइबर अपराधियों का गढ बन चुका है. ऐसे में आरोपियों की गिरफ्तारी कर पाना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा था. लेकिन स्थानीय पुलिस की मदद और साइबर टीम द्वारा लगातार की जा रही निगरानी के चलते हरियाणा और राजस्थान की सीमा पर निवाड़ी गांव के एक खेत में बैठे आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस के मुताबिक साइबर ठगों के गिरफ्तारी की खबर लगते ही मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों सहित कई राज्यों की पुलिस ने रीवा पुलिस से संपर्क किया है. ऐसा माना जा रहा है कि पकड़े गए आरोपियों से देश के अलग-अलग राज्यों में हुए कई साइबर अपराधों का खुलासा हो सकता है।

## जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का 12 जनवरी को होगा आयोजन

**रीवा।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन जिले के सभी स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक के परिसर में आयोजित जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल करेंगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी तथा विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने सभी आमंत्रितों से समारोह में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम में विद्यार्थी प्रातः 8.40 बजे तक उपस्थित हो जाएंगे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का आगमन प्रातः 8.50 बजे होगा। प्रातः 9 बजे वंदे मातरम का सामूहिक रूप से गायन किया जाएगा। आकाशवाणी के माध्यम से राज्य स्तरीय समारोह का प्रसारण कार्यक्रम में किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अनुरूप सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि का प्रातः 10.30 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन होगा। प्रातः 10.45 बजे समारोह का समापन होगा।

## उप मुख्यमंत्री 10 जनवरी को विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 9 जनवरी को कटनी से प्रस्थान करके रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में सीधी-सिंगरौली रेलवे लाइन के निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे गंगेव विकासखण्ड में जल जीवन मिशन की समूह नलजल योजना के तहत ग्राम पंचायत कैथा के ग्राम अकलसी में आयोजित कार्यक्रम में 19 पानी की टंकी निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे लालगांव-कटरा मार्ग में ग्राम नेवरिया में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री शाम 4 बजे ग्राम हिनौती में आयोजित बैठक में हिनौती गौधाम निर्माण की समीक्षा करेंगे। उप मुख्यमंत्री शाम 5 बजे कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अनुगूंज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री रात 7.30 बजे निज निवास से प्रस्थान कर रात 8 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का हुआ आयोजन

### जनकल्याण पर्व प्रचार सामग्री का किया गया वितरण

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगर निगम द्वारा वार्डवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के शिविरों मे अब तक 4573 आवेदन प्राप्त हुये जिनमे 4559 स्वीकृत, शेष 14 में कार्यवाही प्रगतिरत है। इसी क्रम में नगर निगम अंतर्गत जोन क्र. एक वार्ड एक शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल निपनिया प्रांगण में शिविर



आयोजित किया गया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा मुद्रित शासन विकास योजनाओं एवं परियोजनाओं के जागरूकता हेतु जनकल्याण फोल्डर का वितरण किया गया। शिविर में तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला ने आमजन की शिकायतों से अवगत हुये एवं शिविर में दी जा रही हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डाक जीवन बीमा, निवेश की सुरक्षा पर सरकार की गारन्टी

रीवा

जीवन बीमा के क्षेत्र में डाक विभाग लम्बे समय से कार्यरत है। डाक जीवन बीमा लाभ अब निजी क्षेत्र के प्रोफेशनल्स भी उठा सकते हैं। यह जानकारी डाक संभाग के अधीक्षक डाकघर आर.के. तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि बीमा के क्षेत्र में भी डाक विभाग नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। डाकघरों में लोगों की आयु और आवश्यकता के हिसाब से जीवन बीमा की कई योजनाएं है, जिनमें सुरक्षा, संतोष, सुविधा, युगल सुरक्षा, सुमंगल व चिल्ड्रन पॉलिसी शामिल है। डाक विभाग ने नवीन टेक्नालॉजी अपनाते हुए कोर इंश्योरेंस सर्विस के तहत साफ्टवेयर के माध्यम से बीमा सेवाओं को भी ऑनलाईन बनाया है। पहले सरकारी व अर्धशासकीय कर्मचारियों तक सीमित डाक जीवन बीमा अब निजी शिक्षण संस्थाओं/ विद्यालयों/ महा विद्यालयों के कर्मचारियों, अधिकारियों एकाउंटेंट, वास्तुकारों, वकीलों, बैंकर जैसे पेशेवरों और कर्मचारियों के लिए भी उपलब्ध है।

निवेश की सुरक्षा पर सरकार की गारंटी, धारा 80 के तहत आयकर में छूट, कम प्रीमियम व अधिक बोनस, पॉलिसी पर लोन की सुविधा, ऑनलाईन प्रीमियम जमा करने की सुविधा, देश के किसी भी डाकघर में प्रीमियम जमा करने की सुविधा और अग्रिम प्रीमियम पर छूट दी जाती है। डाक जीवन बीमा में अधिकतम बीमित सीमा 50 लाख और ग्रामीण डाक जीवन बीमा में 10 लाख है।

## चाइना डोर की बिक्री व उपयोग को रोकने के लिये निरीक्षण दल गठित

**रीवा।** पतंग विक्रेताओं द्वारा चाइना डोर की बिक्री की जाती है जिससे पतंग उड़ाने वाले को क्षति पहुंचने की आशंका रहती है। सुरक्षा की दृष्टि से चाइना डोर की बिक्री व उपयोग को रोकने के लिये कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा निरीक्षण दल गठित किया गया है। हुजूर/रीवा सहित समस्त अनुभाग के लिये तहसीलदार नायब तहसीलदार व सीईओ जनपद को गठित दल में शामिल किया गया है।

## जनकल्याण अभियान के तहत आज 14 ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 10 जनवरी को अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में ग्राम पंचायत गोरगावं 165 तथा मढ़ी और अनुभाग हुजूर में सहिजना नंबर एक तथा अमिलकी में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में भिटौंहा तथा देवखर और अनुभाग मनगवां में बेलवा बड़गैयान, बड़ोखर तथा मौहरिया में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 10 जनवरी को ही अनुभाग त्योंथर में चंदई तथा फरहदी और अनुभाग सिरमौर में सुकवार, बरहवा तथा बीड़ा में शिविर लगाये जायेंगे।

## वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**रीवा।** जिले में वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाशों की घोषणा की गई है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार पहला स्थानीय अवकाश 14 जनवरी, मंगलवार को मकर संक्रांति तथा पोंगल के अवसर पर घोषित किया गया है। दूसरा स्थानीय अवकाश 13 मार्च, गुरूवार को होलिका दहन तथा तीसरा स्थानीय अवकाश 27 अगस्त, बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर घोषित किया गया है।

## सड़क सुरक्षा माह में हेलमेट और सीट बेल्ट की परिवहन विभाग ने की सघन जांच



**रीवा।** प्रदेश में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है जिसमे परिवहन विभाग रीवा ने रीवा मनगवा मुख्य मार्ग के साथ नए बस स्टैंड के पास हेलमेट और सीट बेल्ट की सघन जांच की गई जांच में जिन चालको ने हेलमेट लगाया हुया था उन्हें रीवा आरटीओ ने पेन देकर पुरस्कृत किया और जिन्होंने हेलमेट नहीं लगाया हुया था उन पर चालानी कार्यवाही कर उन्हें समझाइस भी दी गई की आप हेलमेट के बिना वाहन चालन नहीं करेंगे और जांच में यह सपथ भी दिलाई गई की आप पाँच लोगो को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करेंगे। जाँच के दौरान ऑटो ई- रिक्शा की भी जाँच की गई। जिसमें नम्बर प्लेट और लाइट इंडिकेटर और तीन सवारी से ज़्यादा सवारियोंका परिवहन न किया जाय इस बात की विशेष जाँच की गई जाच में ट्रक और बस एसोसिएशन के भी पदाधिकारी मौजूद रहे इस जांच में आर टी ओ रीवा के साथ परिवहन सुरक्षा स्काड प्रभारी और परिवहन स्टाफ शामिल रहा।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 10, 11 और 12 को शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 10 जनवरी को ग्राम पंचायत गोरगांव 165 तथा मढ़ी, 11 जनवरी को उलही कला तथा उलही खुर्द और 12 जनवरी को टटिहरा तथा नर्रहा में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 10 जनवरी को सहिजना नंबर एक तथा अमिलकी, 11 जनवरी को हर्दीशंकर तथा सेमरिया और 12 जनवरी को बांसा तथा मड़वा में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 10 जनवरी को भिटौंहा तथा देवखर, 11 जनवरी को पटेहरा तथा रमगढ़वा और 12 जनवरी को गड़ेहरा तथा कोनीकला में शिविर लगेंगे।

# पुलिस अधीक्षक के द्वारा ली गई अपराध समीक्षा बैठक

**रीवा।** आज दिनांक 09.01.2025 कोपुलिस अधीक्षक महोदय रीवा श्री विवेक सिंह के द्वारा जिले के शहरी क्षेत्रकेअनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों कीअपराध समीक्षा बैठक ली गई,बैठक मेंसी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतो का निराकरण, व्ही.सी. एन.बी. का उचित संधारण, गुम इंसान एवंअपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी,मर्ग निकाल, चिन्हित अपराधों के निकाल, एवं जेल रिहाई, अवैध परिवहन रोकने व अवैध परिवहन पर कडी कार्यवाही करनें, यातायात व्यवस्था में सुधार करनें एवं नशे की अवस्था मे वाहन



चलाते पाए जाने पर कार्यवाहीकरनेंके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर सख्त प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतुआवश्यकनिर्देश दिए गए है।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक लाल,उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) श्रीमती हिमाली पाठक, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिवाली चुतुर्वेदी, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा शर्माएवं शहरी क्षेत्र के थानों के थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833